रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 07 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-18 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने दी शुभकामनाएं



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी हैं और लोगों से एक जुट होकर देश में शांति तथा समृद्धि के लिए काम करने का आह्वान किया है।

श्री रावतपुरा सरकार
ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

### प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक



**पेरिस।** भारतीय एथलीट प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में टोक्यो रजत पदक विजेता प्रवीण कुमार (टी44) ने 2.08 मीटर की अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### बीजद सांसद सुजीत कुमार भाजपा में शामिल



**नयी दिल्ली।** बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान,ओडिशा के प्रभारी विजय पाल तोमर, वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की उपस्थिति में सुजीत कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ओडिशा के कालाहांडी के रहने वाले सुजीत कुमार ने इससे पहले राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। राजनीति में आने से पहले वह अमेरिका के हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में कार्य कर चुके हैं। प्रधान ने सुजीत कुमार का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा, सुजीत कुमार कर्मठ, संवेनशील एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।



## आज विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश

**रायपुर।** पूरे देश में गणेशोत्सव की धूम है। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश आज विराजमान होंगे। रायपुर समेत पूरे देश में गणेशोत्सव की तैयारी में भक्तगण जुटे हुए हैं। 11 दिन तक पूरे भारत वर्ष में गणेशोत्सव की धूम रहेगी। शहर से लेकर गांव तक लंबोदर माहाराज गजानन की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं।

## जल संचय केवल एक पॉलिसी नहीं, एक प्रयास भी है : पीएम मोदी

एजेंसी ➤ सूरत
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के सूरत में जल संचय जनभागीदारी पहल के शुभारंभ पर कहा कि जल-संचय, ये केवल एक पॉलिसी नहीं है। ये एक प्रयास भी है, और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उसके पूर्व पिछले दिनों देश के हर कोने में जो वर्षा का तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई इलाका होगा, जिसको इस मुसीबत से संकट को झेलना ना पड़ा हो। मैं कई वर्षों तक गुजरात का मुख्यमंत्री रहा, लेकिन एक साथ इतने सभी तहसीलों में इतनी तेज बारिश मैंने कभी ना सुना था, ना देखा था। लेकिन इस बार गुजरात में बहुत बड़ा संकट आया। सारी व्यवस्थाओं की ताकत नहीं थी कि प्रकृति के इस प्रकोप के सामने हम टिक पाएं। लेकिन गुजरात के लोगों का अपना एक स्वभाव है, देशवासियों का स्वभाव है, सामर्थ्य है कि संकट की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर के हर कोई, हर किसी की मदद करता है। आज भी देश के कई भाग ऐसे हैं, जो भयंकर वर्षा के कारण परेशानियों से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा जल-संचय, ये केवल एक पॉलिसी नहीं है। ये एक प्रयास भी है, और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है, और उत्तरदायित्व भी है। आने वाली पीढ़ियाँ जब हमारा आंकलन करेंगी, तो पानी के प्रति हमारा रवैया, ये शायद उनका पहला पैरामीटर होगा।

## विष्णुदेव ने गणेश चतुर्थी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह से मनाया जाता है। इस दौरान गांव से लेकर शहर तक भगवान गणेश की आराधना पूरी श्रद्धा और धूमधाम से की जाती है। बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक सभी में आस्था और उत्साह का एक अनुपम संगम दिखाई देता है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों में एकता के भाव को जागृत करने के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव की शुरूआत की गई थी। देशभर में यह उत्सव अब सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण बन गया है।

## इसरो, आईआईजी ने वैज्ञानिक सहयोग और अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए समझौता किया



वार्ता ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भारतीय भू-चुंबकत्व संस्थान (आईआईजी) ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी और अन्वेषण सहयोग के लिए के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। यह कार्यक्रम इसरो मुख्यालय, बेंगलुरु में हुआ और इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष, इसरो/सचिव, अंतरिक्ष विभाग (डीओएस)। डॉ. सोमनाथ एस ने की। समझौते पर इसरो के वैज्ञानिक सचिव शांतनु भटावडेकर और निदेशक, आईआईजी प्रोफेसर ए.पी. डिमरी ने हस्ताक्षर किए।

## सुप्रीम कोर्ट ने आर जी कर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल की याचिका खारिज की

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जनहित याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि संभावित आरोपी जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान में भ्रष्टाचार की जांच के लिए जनहित याचिका के जरिए अधिकार का दावा नहीं कर सकता। पीठ ने कहा कि दुष्कर्म-हत्या और भ्रष्टाचार दोनों मामलों की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) कर रही है। पीठ ने जांच की स्थिति से अवगत कराने का निर्देश देते हुए कहा, सीबीआई हमें स्थिति विवरण दे। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अगस्त में एक पीजी डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के बाद विवाद का केंद्र बने मेडिकल कालेज में कथित वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई से जांच का आदेश देने से पहले उनकी बात नहीं सुनी। पीठ के समक्ष आरोपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि दोनों मामलों की अलग-अलग जांच होनी चाहिए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उच्च न्यायालय ने अस्पताल में दुष्कर्म की घटना को भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए अनावश्यक रूप से और बिना किसी आधार और तथ्य के टिप्पणी की। इस पर सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने दलील दी कि एक आरोपी जांच की दिशा तय नहीं कर सकता।

## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने दोनों पहलवानों को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान अंग वस्त्र ओढ़ाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान पार्टी के हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया तथा अन्य नेता भी मौजूद थे। वेणुगोपाल ने दोनों नेताओं का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा, कांग्रेस के लिए एक बड़ा दिन है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हम अपने कांग्रेस परिवार में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया का स्वागत कर रहे हैं। इससे पहले दोनों नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की थी और दो दिन पहले दोनों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी और तभी लगभग तय हो गया था कि यह दोनों कांग्रेस में शामिल होकर हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हुए फोगाट ने कहा, मैं कांग्रेस का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं, क्योंकि बुरे समय में ही पता चलता है- अपना कौन है। जब हमें सड़क पर घसीटा जा रहा था तो भाजपा को छोड़कर आप सभी हमारे साथ थे।

## शिवराज सिंह ने तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित किसानों को सहायता का आश्वासन दिया

एजेंसी ➤ खम्मम
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित किसानों को सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। चौहान ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के साथ राज्य के खम्मम जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने भारी बारिश से प्रभावित किसानों के लिए गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र इस चुनौतीपूर्ण समय में प्रभावित लोगों को पूरा समर्थन देगा। चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार बाढ़ के कारण नुकसान उठाने वाले किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने पिछली सरकार के आपदा राहत से निपटने की भी आलोचना की और कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के आवंटन का प्रभावी तरीके से उपयोग नहीं किया गया था। चौहान ने कहा कि एक किसान होने के नाते, मैं समझता हूं कि वर्तमान समय में किसान किन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

### अमेरिका में स्टालिन ने 850 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन और समझौता ज्ञापनों पर किये हस्ताक्षर

**चेन्नई।** अमेरिकी यात्रा पर गए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शिकागो में तीन और कंपनियों के साथ 850 करोड़ रुपये के कुल निवेश के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री ने इसके अलावा चेंगलपट्टू में विस्तार अनुसंधान, विकास एवम विनिर्माण इकाई के लिए 500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए लिंकन इलेक्ट्रिक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



## सेबी प्रमुख कर रही हैं करोड़ों की अवैध कमाई : कांग्रेस

वार्ता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को लेकर एक और खुलासा करते हुए कहा कि जिस संपत्ति से वह करोड़ों का किराया वसूल कर रही हैं उसकी सूचना किसी को नहीं है और जिस कंपनी से यह कमाई की जा रही है बुच उसका केस भी देख रही हैं। कांग्रेस प्रचार तथा संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा में पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, माधवी पुरी बुच 2018 में सेबी की पूर्णकालिक सदस्य बनी थीं। अब पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद उन्होंने अपनी एक प्रॉपर्टी किराए पर दी और वित्त वर्ष 2018-19 में इससे उन्हें सात लाख रुपए किराया मिला। इस प्रोपर्टी के लिए उन्हें 2019-20 में 36 लाख रुपए किराया मिला जो इस साल तक बढ़ते हुए 46 लाख रुपए तक पहुंच गया। उन्होंने कहा, बुच ने अपनी प्रॉपर्टी जिस कंपनी को दी उसका नाम कैरोल इन्फो सर्विस लिमिटेड है जो वोकहार्ड कंपनी का हिस्सा है। वोकहार्ड वही कंपनी है जिससे जुड़ी शिकायतों को सेबी लगातार डील कर रहा है। ये पूरी तरह से करप्शन का मामला है। माधबी पुरी बुच जी सेबी की पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद एक कंपनी को अपना घर किराए पर दे देती हैं। वे उस कंपनी से अभी तक किराए के 2.16 करोड़ रुपए से ज्यादा ले चुकी हैं और हम जानना चाहते हैं कि आपने इसकी जानकारी कहां-कहां दी।

## अस्पताल घोटाला : ईडी ने कोलकाता हावड़ा में कई स्थानों पर की छापेमारी

वार्ता ➤ कोलकाता
www.dailypioneer.com



प्रवर्तन निदेशालय ने आरजी कर अस्पताल में वर्ष 2021 में कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में कोलकाता और पड़ोसी जिलों में इस अस्पताल के गिरफ्तार पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के घर सहित कई स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने बताया कि ईडी के जांचकर्ता सुबह-सुबह चार समूहों में निकले और एक टीम पूर्वी कोलकाता के बेलियाघाटा में घोष के आलीशान घर पहुंची, जहां प्रवेश से पहले अधिकारियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने हावड़ा के सालकिया में गिरफ्तार आरोपी विक्रेता बिप्लब सिन्हा पास में रहने वाले उसके करीबी साथी कौशिक नाग और उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में घोष के करीबी सहयोगी प्रसून चटर्जी के घर की भी तलाशी ली। अस्पताल के पूर्व अधीक्षक अख्तर अली द्वारा दायर एक याचिका के बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय जांच ब्यूरो को इस मुद्दे की जांच करने के लिए कहा गया था, जिसके बाद ईडी आर जी कर अस्पताल में कथित वित्तीय घोटाले में धन के लेन-देन की जांच कर रही है। ईडी ने आपराधिक मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के आधार पर घोष के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 23 अगस्त को सरकारी अस्पताल में कथित वित्तीय घोटाले की जांच राज्य द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने घोष को सोमवार रात को गिरफ्तार किया था और अगले दिन एक विशेष अदालत ने उन्हें जांच एजेंसी की आठ दिन की हिरासत में भेज दिया था। सीबीआई ने घोष,सिन्हा और दो अन्य को इस मामले के सिलसिले में 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में सीबीआई की हिरासत में दो अन्य है उनमें घोष के अंगरक्षक अफसर अली और सिन्हा की तरह का निजी विक्रेता सुमन हाजरा शामिल हैं।

Samrajya Residency
साम्राज्य रेसीडेंसी
Member CREDAI
शुभ गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
इस शुभ दिन पर बुक करें
साम्राज्य रेसीडेंसी में अपने सपनो का घर
और पाएं आकर्षक उपहार
4BHK FLATS
Pocket Friendly Rate
Best Location
Ready Possession
Bank Finance Facilities
Price Starts From
Rs.52 Lacs
CHIMNEY
MODULAR KITCHEN



www.aadharshilagroup.com
Call: 9340406424, 7000262124
Near Raipur Railway Station, Bilaspur road, Raipur

### योगी की दो टूक -आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए

## बिना चिंता कराइए इलाज, पैसा देगी सरकार : मुख्यमंत्री योगी

पायनियर संवाददाता ➤ गोरखपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। बात करने के दौरान भावुक हो गई एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला से मुलाकात कर और उसकी समस्या जानकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी भावुक उठे। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत इस वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही है।

योगी ने पूछा कि वह क्या चाहती हैं। बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'माई, वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे।' मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस वृद्ध महिला की सम्मान सहित देखभाल की जाए और जिस भी जगह यह जाना चाहती हैं, वहां भेजकर रहने और अन्य जरूरतों की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पोषण माह अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करने और इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में जशपुर जिले में पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पालकों को व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय हैं कि पोषण अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण अभियान योजना का 1 सितम्बर 2024 से संचालन किया जा रहा है। जन-समुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन-आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास के संलग्न संदर्भित निर्देशानुसार इस वर्ष भी दिनांक 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में जनप्रतिनिधि, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है।

पोषण माह 2024 का मुख्य उद्देश्य पोषण पंचायतों को सक्रिय करना है, इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच एवं ग्राम पंचायतों को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जन आंदोलन को जन भागीदारी के रूप में परिवर्तित करना है।

# पीएम जनमन योजना: पहाड़ी कोरवा बसाहटों को सीधे मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com






केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहुंचविहीन पीवीटीजी बसाहटों को पक्की संपर्क सड़कों के जरिए मुख्य रास्तों से जोड़ा जा रहा है। पीएम जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से पक्की सड़कों का निर्माण कर विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों वाले बसाहटों के 100 या अधिक की आबादी वाली प्रत्येक बसाहट के लिए सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से मजबूत किया जा रहा है। इन सड़कों से आवागमन सुलभ होने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, दैनिक कामकाज के लिए गांव से शहर आवागमन की बेहतर सुविधा लोगों को मिलेगी। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से प्रथम चरण में जिला सरगुजा में 189.43 किमी कुल लंबाई की 51 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें से 47 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सड़क निर्माण हेतु की कुल स्वीकृत राशि 157.17 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के द्वारा ये सड़कें जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की 54 बसाहटों से जुड़ेंगी, जिसकी स्वीकृति छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदान की गई है। कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई ने बताया कि द्वितीय चरण में 148.99 किमी लंबाई की 40 नवीन सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। इसमें प्रमुख रूप से उदयपुर विकासखंड में बकोई से भेलवाडांड 10.15 किमी, टी 01 भकुरमा रोड से बुले केदमा 9.82 किमी की सड़क को प्रस्ताव में शामिल किया गया है। अंबिकापुर में राम नगर से लुकुम घुटरा 4.92 किमी, मोहनपुर से कोरवा पारा 2.81 किमी, पंपापुर से हर्राघाट 3.42 किमी, लुण्ड्रा विकासखंड में डकई से डकई बेवरा 4.33 किमी, जरकेला से चेउरपानी 4.02 किमी, चित्तपुर से चेउरपानी 3.60 किमी, अजिरमाकला से मांझा बेवरा 3.50 किमी सड़क निर्माण किया जाना है। इसी तरह सीतापुर विकासखंड में रजपुरी से बिजली चट्टान 5.90 किमी, बंशीपुर से अमगोड़हा 3.83 किमी, बतौली में टीरंग से इमलीटीकरा 7.00 किमी, घोघरा से परसाढाब 6.80 किमी, बांसाझाल से कदमहुआ 6.60 किमी, नकना से पहाड़पारा 6.30 किमी, बांसाझाल से आमपानी 5.50 किमी, टीरंग से खूंटापानी 5.30 किमी सड़क निर्माण का प्रस्ताव किया गया है। इसी प्रकार सरमना से कोईलारढोंढी 4.00 किमी, विकासखंड लखनपुर में बेलदगी से मुड़ापारा 1.22 किमी तथा विकासखंड मैनपाट में कतकालो से लोटापानी 8.13 किमी, सुपलगा से हसियाखार 4.23 किमी, कदनई से सेमिडीह 4.20 किमी, पेंट से डाहुझरिया 3.00 किमी, कोट से गटीकोना 4.00 किमी सहित पूरे जिले में सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# चक्रधर समारोह: आज से शुरू होगा सांस्कृतिक महाकुंभ

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शाम 5.30 बजे रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित 39वें चक्रधर समारोह-2024 का शुभारंभ करेंगे। यह समारोह अगले 10 दिनों तक कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ सांस्कृतिक रस में सराबोर रहेगी। देश के ख्यातिनाम कलाकार कार्यक्रम देने रायगढ़ पहुंचेंगे। पहले दिन प्रख्यात अभिनेत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना पद्महेमा मालिनी प्रसिद्ध राधा रास बिहारी का मंचन करेंगी। समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से होगा। जिसके पश्चात रायगढ़ कथक घराने के वरिष्ठ कलाकार तथा इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए रामलाल को कथक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसके बाद भूपेंद्र बरेठ और साथी कलाकारों द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात दर्शकों को छत्तीसगढ़ की माटी के लोक विधा करमा नृत्य का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। जशपुर के मनियर भगत एवं साथी के द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री हेमा मालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगी। चक्रधर समारोह के 10 दिवसीय आयोजन में स्थानीय कलाकारों से लेकर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के कुल 62 इवेंट आयोजित हैं। जिसमें नृत्य और वादन की विभिन्न विधाओं के साथ गायन और कवि सम्मेलन के कार्यक्रम शामिल हैं।

# जल जीवन मिशन से बागतराई गांव के हर घर को मिल रहा शुद्ध पेयजल

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव जिले के बागतराई गांव के सभी घरों में अब नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचने लगा है। इससे गांवों की महिलाओं ने खुशी का माहौल है। पानी की व्यवस्था के लिए न उन्हें अब हैण्डपंप चलाने की झंझट रही, न ही कुंए से पानी निकालने की मशक्कत। बागतराई के ग्रामीण परिवारों को यह सुविधा जल जीवन मिशन के माध्यम से सुलभ हुई है। यह उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बागतराई के हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए 240 मीटर डिस्ट्रीब्यूशन एवं 4600 मीटर राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछायी गई है। इससे गांव के 242 परिवारों को नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। बागतराई निवासी रश्मि राजपूत अपने घर में नल से जल की आपूर्ति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि सरकार ने हम ग्रामीणों को बहुत बड़ी सुविधा उपलब्ध करा दी है। अब गांव के सभी घरों में नल से पानी आने लगा है। रश्मि ने बताया कि उनके विवाह को 11 वर्ष हो चुका है। उन्होंने यह नहीं सोचा था कि कभी उनके घर में नल लगेगा और पानी आएगा। लेकिन यह आज हकीकत बन गया है। रश्मि ने बताया कि पूर्व में कुएं, हैंडपंप और तालाब से पानी भरना पड़ता था, जिसमें मेहनत और काफी समय लगता था। सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल लगाकर पेय जल की समस्या का स्थायी निदान कर दिया है। उन्होंने गांव के प्रत्येक घर में नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है।

**स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे**

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CiTY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।

# मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के विभिन्न जिलों के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राजमार्ग और खनिज तथा दूरसंचार से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सड़कों के निर्माण कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के लिए संबंध में भू-अर्जन, मुआवजा वितरण, वृक्षों की कटाई और वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यों को शीघ्र करने के निर्देश संबंधित जिलें के कलेक्टर को दिए। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर-कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर-उरगा मार्ग, रायपुर-दुर्ग फोर लाइन सहित अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तरह से रायपुर-विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना सहित अन्य सड़कों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गेबरा पेंड्रा रोड, न्यू रेल परियोजना, तलाईपल्ली कोल परियोजना के कार्यों के सहित अन्य परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और उन्होंने कहा कि कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराने सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऋचा शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत सहित बीएसएनएल, रेल्वे, एनटीपीसी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग (एनएच) और कोरबा, रायगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, दुर्ग, महासमुंद सहित अन्य जिलें के कलेक्टर शामिल हुए।

# वन विभाग ने हनुमान लंगूरों के अवैध शिकार के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने साजा वन परिक्षेत्र के ग्राम बेलगांव में आठ हनुमान लंगूरों के अवैध शिकार के मामले में मुख्य आरोपी रामाधार को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रमुख वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राव ने ऐसे मामलों में लगातार कार्यवाही के निर्देश दिए है। दुर्ग सर्किल के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) डॉ. केनिली माचिओ एवं वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) चंद्रशेखर परदेशी के नेतृत्व में राज्य उड़नदस्ता द्वारा यह कार्रवाई 5 सितंबर 2024 को की गई।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का किया भाण्डा फोड़

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



5 सितंबर को दोपहर 2.20 बजे मुखबीर से सूचना मिली कि पिन्टू कुमार साहनी जो कि ओड़िशा से अवैध रूप से अवैध धन लाभ करने हेतु गांजा जैसे मादक पदार्थ लाकर जी. सरोजनी के मकान के पास एक अन्य मकान गणेश मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार में लाकर रखा है और पिन्टू नामक लड़का जिसकी हाईट छोटी है और वह नीला कलर का लोवर, जिसमें सफेद रंग का पटटी है और भूरा कलर का टी-शर्ट पहना है, जो उक्त गांजा की रखवाली कर गांजा को अवैध रूप से गांजा बिक्री पिन्टू कुमार साहनी एवं जी. सरोजनी दोनों मिलकर कर रहे है। जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करने आदेश प्राप्त होने पश्चात उप निरीक्षक युवराज साहू, हमराह हर्ष देवांगन, अमन शर्मा एवं वैशाली नगर के महिला आरक्षक ममता वासनीक, महिला आरक्षक श्रेया राजपूत एवं गवाहों के साथ समस्त आवश्यक किट सामाग्री सील चपडा सहित तस्दीक एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु गणेश मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार पहुंचकर रेड कार्यवाही किये। मौके पर उपस्थित महिला एवं पुरूष से पूछताछ करने पर अपना नाम जी. सरोजनी पिन्टू कुमार साहनीं मिले। चेक करने जी. सरोजनी के अपने मकान के अंदर कब्जे में रखे चार काला कलर का जिसमें पृथक-पृथक अखबार के कागज के पुडिया मे लपेटा हुआ गांजा मादक द्रव्य पदार्थ क्रमशः 08 किलो 525 ग्राम एवं 09 किलो 80 ग्राम, 08 किलो 530 ग्राम, 06 किलो 010 ग्राम गांजा जैसा मादक द्रव्य पदार्थ एवं पिन्टू कुमार साहनी से 03 नग मोबाइल फोन एवं वहीं पर रखे एक पीला, काला, नीला, सफेद रंग का प्लास्टिक बोरी में अखबार के कागज के पुड़िया में लपेटा हुआ गांजा मादक द्रव्य पदार्थ कुल 05 किलो 830 ग्राम एवं एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजे 6067 कीमती 01 लाख रूपये जप्त की गई। दोनों के मेमोरेण्डम पर से अजय साहनी, अजय प्रसाद एवं ऐबी साहनी जो गांजा लेकर अपने चार पहिया वाहन दो सफेद रंग के कार में गांजा रखा है। इसमें सफेदा एवं मार्कर पेन से नाम और सरनेम का प्रथम अक्षर लिखा हुआ बताया पिन्टू कुमार साहनी से बारिकी से पूछताछ करने पर बताया कि वह ओड़िशा के किसी व्यक्ति से गांजा खरीदता है एक ट्रीप का 06 लाख रूपए देना बताये। ए.बी. साहनी और अजय साहनी स्कोडा कार क्रमांक सीजी 04 केपी 4604 कीमत 6,00000 रूपये में ओड़िशा से विभिन्न नम्बर प्लेट बदलकर गाड़ी चलवाते थे। ऐ.बी. साहनी एवं अजय साहनी के द्वारा अपने डिक्की में रखे गांजा को निकाल कर देने पर एक आशिकी पान मसाला झोले में जिसमें ए.बी. साहनी व अजय साहनी झोले में रखा अखबार में लपेटा हुआ गांजा जैसे पदार्थ निकाल कर पेश किया। तौल करने पर 03 किलो 370 ग्राम गांजा एवं 02 नग मोबाईल फोन मिला एवं फाक्स वेगन कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 2080 कीमत 6,00000 रूपये में बैठे अजय प्रसाद के द्वारा अपने डिक्की में रखे गांजा को निकाल कर देने पर एक विमल पान मसाला झोले में रखा अखबार में लपेटा हुआ गांजा जैसे पदार्थ निकालकर पेश करने पर 03 किलो 380 ग्राम गांजा झोला सहित अखबार में लपेटा हुआ गांजा मिला। कुल मादक पदार्थ गांजा 45.145 किलोग्राम जिसकी अवैध बाजार में कीमत लगभग 4.5 लाख रूपये दो नग कार कीमत 12 लाख एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 ऐजे 6067 कीमत 01 लाख रूपये जुमला कीमत 17.5 लाख रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।



# लिमतरा भाटापारा देवरीडीह तिराहे के पास सराफा व्यापारी से लूट

**उक्त स्थल मे 15 दिनों तीसरी घटना, आम राहगीरों मे दहशत, लूट के आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस प्रशासन ने लगाई पूरी ताकत**

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा थाना सिमगा से मिली जानकारी के अनुसार देर शाम 05 सितंबर को शाम लगभग 7.15 बजे अप.क्र. 0/2024 धारा 309(4) नांदघाट स्थित ज्वैलर्स व्यवसाय द्वारा पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा थाना सिमगा मे रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 05 सितंबर के 07.15 बजें घटनास्थल भाटापारा मेन रोड ग्राम देवरीडीह तिराहा के पास दिनांक रिपोर्ट उसी 09.00 बजें अज्ञात आरोपियो मे दो मो.सा. में सवार चार अज्ञात व्यक्ति एक भूरे रंग के थैला में 20 ग्राम के लगभग सोने की फुल्ली, 04 किलोग्राम चांदी कमर पटटा चांदी के पुराने जेवर नगदी 60 हजार जुमला कीमती 325000 रूपया बताया गया है जो कि भाटापारा में रहता है व नांदघाट जिला बेमेतरा में सोने चांदी का दुकान आयुष ज्वेलर्स के नाम से है संचालित है, जो कि थाने से मिली जानकारी अनुसार दिनांक 05 सितंबर के 07.15 बजें शाम करीबन मैं अपना दुकान बंद करके अपने स्कूटी क्रमांक CG22S9940 से अपने घर भाटापारा जा रहा था उसी समय दो मो.सा. में सवार चार अज्ञात व्यक्ति हेलमेट पहने हुए आये और मुझे जबरदस्ती चिल्लाकर रोक बे बोले जिसके कारण मैं हड़बड़ा कर स्कूटी सहित वही गिर गया जिससे मेरे दाहिने गाल में चोट लगी है उसके बाद उसी में से दो व्यक्ति मेरे पास आये उसके हाथ में गन जैसा हथियार था जो फायर भी किया गया उक्त घटना के रिपोर्ट के बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों के खोजबीन हेतु जाँच मे जूट चुकी है घटना के विवेचना हेतु स्थल पर एडिसनल एसपी हेम सिंह सिदार एसडीओपी एश्वर्य चन्द्रकार शहर थाना पुलिस परिवेश तिवारी व लिमतरा पुलिस सहायता केन्द्र मे साईबर सेल की टीम व सिमगा थाना प्रभारी योगिता बाली खपर्डे कमलेश्वर प्रसाद ठाकुर सहित पुलिस स्टाप भी मौजूद रहे।

**उक्त स्थल पर 15 दिनों मे घट चुकी है लूट कि तीन घटनाएं :** गौरतलब है की उक्त घटना 15 दिन पहले ऐसे ही घटनाएं घट चुकी है जिसको ध्यान मे रखते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 2 पुलिस कर्मियों की गस्ती डयूटी उक्त स्थल पर लगाया गया था परंतु पानी गिरने के कारण उस पुलिस कर्मी तैनात नही थे जिसका फायदा अज्ञात लुटेरों द्वारा लूट कि घटना को अंजाम देकर उठाया गया।

**प्रतिदिन हजारों कि संख्या मे गुजरते है आम लोग :** गौरतलब है कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों के संख्या मे भाटापारा लिमतरा के मार्ग से लोग गुजरते है परंतु लगातार लूट कि घटना के चलते उक्त स्थल शाम 7 से 9 बजे के बीच संवेदनशील हो जाता है क्योंकि शाम के समय नौकरीपेशा व व्यपार करके आने वाले लोगों कि संख्या सबसे अधिक होती है वही उक्त मार्ग मे ऐसे ही छूटपूट घटनाएं घटित होते रहने की भी संभानाऐ जताई जा रही है जिसकी पुलिस रिकार्ड में रिपोर्ट नही दर्ज हो पाया


**अज्ञात आरोपी द्वारा रैकी कर घटना को अंजाम देना का संदेह :** वहीं अज्ञात आरोपियों द्वारा उक्त घटना को रेकी कर अंजाम दिये जाने का भी आशंका है जो कि पीछा करते हुये सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया जो कि सीधे भाटापारा मार्ग की भाग गया परंतु अज्ञात आरोपी जिस अनुमान से लगातार लूट घटना को अंजाम दे रहे है उस अनुमान से स्थानीय आरोपियों कि भूमिका से भी इनकार नही किया जा सकता।

### आरोपियों का पकड़ा जाना पुलिस कि सबसे बड़ी चुनौती

बंदूक के सहारे लूट कि घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात लुटेरों का पकड़ा जाना पुलिस के लिये सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि इस तरहा के अपराध को लगाम लगाये जाने हेतु अपराधियों का पकड़ा जाना अति आवश्यक है वरना सभ्य समाज मे मेहनत कश जिंदगी जीने वाले समाज के लोगों के लिये ऐसे लोग नासूर होते है व ऐसे अपराधी समाज के लिये कोढ की महामारी से कम नही आका जा सकता पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों को पकड़ने हेतु सभी शरहदी सीमा के थाना क्षेत्रों को सूचित कर अलर्ट कर दिये गये है मार्ग मे लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है व अन्य तकनीकी साधनों का सहयोग पुलिस प्रशासन द्वारा लिया जा रहा है।

# आज घर-घर विराजेंगे विघ्नहर्ता गूंजेगा गणपति बप्पा मोरया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम के साथ मनाई जाती है। ऐसे में भक्तों द्वारा घर से लेकर मंदिरों में विशेष रूप से बप्पा के आगमन को तैयारी की गई है। वहीं दिन भर बाजार में मूर्ति लेने के लिए भक्तों की लगी रही भीड़। गणेश मूर्ति और साज सज्जा का सामान खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। बप्पा की छोटी मूर्तियों की ज्यादा खरीदारी हुई जबकि बड़ी मूर्ति पंडाल स्थल में ही बनाए गए। हर बार की तरह इस बार भी बप्पा के भक्तों ने कई जगहों पर गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद दस दिनों तक आयोजन चलेगा। इसी के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव 7 सितंबर से भव्यता एवं उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रीगणेश चतुर्थी से लेकर डोल ग्यारस, अनंत चौदस तक त्योहारों के दौरान दस दिनों तक मंदिरों एवं पंडाल स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस से लगातार विद्युत सप्लाई एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग भी की जा रही है। देखा जा रहा है कि विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा जाने से त्यौहार के अवसर पर अवरोध उत्पन्न होता है।

# शीतला मंदिर कुरूद में चोरी के आरोपी को पुलिस की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

24- 25 अगस्त 2024 के मध्य शीतला मंदिर कुरूद से 05 नग चांदी की छतरी, एक नग चांदी की मुकुट, दो जोडी चांदी का पायल, एक नग चांदी का कमरकरधनिया, नगदी सिक्का लगभग 300 रु को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर प्रार्थी मनोज राजकुमार अग्रवाल पिता स्व0 राजकुमार अग्रवल उम्र 45 वर्ष साकिन कुरूद की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी का कथन घटना स्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से माल, मुल्जिम का पतासाजी किया गया, पता तलाश के दौरान मुखबिर सूचना के आधार संदेही तोरन ढीढी पिता नीजाम दास ढीढी उम्र 20 वर्ष साकिन चण्डी पारा कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी हॉल पता बजरंग दास स्कूल के पास अभनपुर थाना अभनपुर जिला रायपुर को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार करने पर गवाहों के समक्ष आरोपी तोरन डीढी के द्वारा अपने घर के छज्जे से एक नीला रंग के झिल्ली में रखे 05 नग चांदी की छतरी, एक नग चांदी की मुकुट टुटे मुडे हुये तथा दो जोडी चांदी का पायल, एक नग चांदी का कमरधनिया को निकालकर बरामद कराया गया, जिसको गवाहों के समक्ष जप्त कर थाना कुरूद के अप.क्र. 367/2024 धारा 331 (4) 305 (घ) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी तोरन ढीढी को पर्याप्त विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम तोरन ढीढी पिता नीजाम दास ढीढी उम्र 20 वर्ष साकिन चण्डी पारा कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी हालपता बजरंग दास स्कूल के पास अभनपुर थाना अभनपुर जिला रायपुर। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरूद निरी अरुण साहू, सायबर प्रभारी निरी सन्नी दुबे एवं सायबर टीम प्रआरण्देवेंद्र राजपूत, लोकेश नेताम आर मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकार, किशोर देशमुख, फणेश साहू ,योगेश ध्रुव एवं थाना कुरूद से प्रआर डैनी मंडावी, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा।

## दान पेटी चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** 4 सितंबर 2024 को प्रार्थी चन्द्रभान सिंह ठाकुर पित्ता स्व0 बिहारी सिंह ठाकुर उम्र 59 वर्ष साकिन राजिव लोचन मंदिर राजिम के पास थाना राजिम के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह कुलेश्वर महादेव मंदिर नवागांव एवं राजिव लोचन मंदिर राजिम के मंदिर ट्रस्ट मे सर्वराकार के पद पर हैं जो दिनांक 4/9/24 को सुबह कलेश्वर मंदिर के पुजारी नरेन्द्र सिंह ठाकुर के साथ सुबह 5 बजे कुलेश्वर मंदिर पूजा अर्चना के लिए पहुंचा था तभी देखा कि मंदिर के चैनल गेट के नीचे का हिस्सा फैला हुआ है शंका होने पर ताला खोलकर अंदर देखा तो मंदिर की दानपेटी नहीं थी कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी करेलीबडी में अप. क्र. 277/24 धारा 331 (2)305 BNS के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जिस पर चौकी करेली बडी द्वारा अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिए तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से दिनांक 6/9/24 को आरोपी शिवकुमार कुर्रे को पकड़कर कडाई से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया।

# एसपी ने ली जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हाल में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना/चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने, धारा 170, 126,135 (3), बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने, लघु अधिनियम, जिला बदर एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने, लंबित संमंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने, ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम/अपहत (बालक/बालिका) को दस्तयाब कर बरामद करने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट की कार्यवाही करने, अपराध नियंत्रण हेतु मुखबीरी/सूत्रों को बनाये रखने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही करने, ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके। माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंटो की तामीली शत - प्रतिशत करने, स्थाई वारंटों की तामिली शीघ्र करने, महिला एवं बच्चो संबंधी अपराधों का निराकरण करने, वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दी गई विवेचना संबंधी बारिकियों पर विशेष रूप से ध्यान देने कहा तथा मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्यवाही करने तथा नए कानूनों के लागू हाने पर तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के महत्व उनके संकलन करने के संबंध में निर्देशित किया गया ।

# अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला सच्चा पथ प्रदर्शक ही हमारे गुरु हैं

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय भोथली में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विद्यालयों में आकर्षक गुब्बारे व फूलों से सजावट की गई थी। प्राचार्य एस रामटेके व रासेयों कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू व सभी स्टाफ का फूल माला व गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया । मां सरस्वती के पूजन अर्चन व स्वागत गीत के पश्चात विभिन्न प्रश्नों व सवालों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर शिक्षकों द्वारा अपना मंतव्य व उद्बबोधन बच्चों को दिया गया। तथा शिक्षक दिवस के महत्व को बताया गया कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह जलकर औरों को प्रकाशित करता है भटके हुए विद्यार्थियों को सही मार्ग बताता है तथा उनका भविष्य उज्जवल बनाता है समस्त शिक्षकों को पेन श्रीफल गुलदस्ता से सम्मानित किया गया । विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपने सदभावना व गीत कविता ,निबंध के माध्यम से वाचन किया । इस अवसर पर प्राचार्य एसए रामटेके, व्याख्याता एलएन साहू, जीपी साहू, राकेश कुमार साहू, धनंजय सोनकर, लक्ष्मी नाथ शांडिल्य, दीप्ति शुक्ला, रेखा देहारी, स्वाती शोरी ,महेंद्र साहू, विनोद ध्रुव, डोमन ध्रुव, गोविंद सिन्हा, गोपेश कुमार साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, लखनतीन, उमाकांत साहूए राहुल सोनकर आदि का भी सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन युक्ति साहू व प्रियंका साहू ने किया। बच्चों का शिक्षकों के प्रति स्नेहए आदर व सम्मान सबको भाव विभोर कर दिया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 से वजन त्यौहार शुरू होगा

**बेमेतरा।** आगामी 12 तारीख़( 12 सितंबर ) से वजन त्यौहार शुरू हो रहा है, जो 23 सितंबर 2024 तक चलेगा । जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 05 वर्ष से कम बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की का जांच की जाएगी । इसके साथ ही बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है।

# राजहरा व्यापारी संघ की 8 सूत्रीय मांगों के संबंध में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

चंद्रकांत कौशिक अपर कलेक्टर के द्वारा बीएसपी गेस्ट हाउस में राजहरा व्यापारी संघ की 8 सूत्रीय मांगों के संबंध में दूसरी एक अहम बैठक रखी गई थी । प्रथम बैठक 27 अगस्त को एसडीएम कार्यालय में हुई थी एवं इस बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ आने का निर्देश दिया गया था आज की इस बैठक में एसडीएम राजहरा, बीएमओ, लोक निर्माण विभाग, बीएसपी के अधिकारी उपस्थित हुए थे।

**बैठक में राजहरा व्यापारी संघ की हर मांगो में सार्थक चर्चा हुई** - 100 बिस्तर अस्पताल के लिए वर्तमान में बीएसपी अस्पताल में प्रारंभ करने की सहमति बनी जिसमें जिला प्रशासन बीएसपी प्रशासन से इस अस्पताल को लीज पर लेकर यहां विशेषज्ञ डॉक्टरो व सर्व सुविधा से युक्त अस्पताल का संचालन किया जायेगा।

बायपास सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व इंजीनियर के द्वारा 3 दिन में 17.6 किलोमीटर की लागत मय प्रस्ताव एसडीएम कार्यालय को बनाकर देंगे उसके बाद वह प्रस्ताव को जिला प्रशासन के पास से होते हुए मंत्रालय जायेगा जहाँ से जल्द ही स्वीकृति होकर निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राजहरा व्यापारी संघ ने स्थानीय परिवहन संघ को एनएमडीसी की तरह बीएसपी को अपने नवनिर्मित पैलेट प्लांट से 20% कार्य देने की पुरजोर मांग की ताकी बेरोजगार ट्रक मालिकों का जीवन यापन हो, इसमें यह सहमति बनी की जिला प्रशासन व ई डी माइंस पत्र लिखकर केंद्रीय इस्पात मंत्रालय को भेजेंगे वहीं सांसद संबंधित केंद्रीय मंत्री व विभाग से चर्चा कर कार्य दिलाने की पहल करेंगे।

उद्योग क्षेत्र के लिए 20 एकड़ जमीन ग्राम बिटाल में भूमि चयन हो चुका है अन्य सरकारी प्रक्रिया जिसमें दावा आपत्ति व अन्य चीजों को कम्प्लीट कर यह फ़ाइल 5 अक्टूबर तक पूरी होकर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भेज दिया जायेगा। वहीं उपस्थित बिटाल की सरपंच को बुलाकर उनकी राय ली गई तो उन्होंने इस उद्योग के लिए अपनी सहमति प्रदान की व कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं की जाएगी इसका आश्वासन दिया गया।


## भारतीय मानक ब्यूरो

(उपभोक्ता मामले विभाग)
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार)
मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002

सत्यमेव जयते
मानकः पथप्रदर्शकः

**विज्ञापन सं. 01/2024/स्थापना**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले विभाग) भारत सरकार के अंतर्गत सांविधिक निकाय है और देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोना/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण करने, इत्यादि के क्षेत्र में गतिविधियों हेतु उत्तरदायी निकाय, बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली और देशभर में स्थित बीआईएस कार्यालयों में सीधी भर्ती द्वारा निम्नलिखित पदों पर रिक्तियां भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से नीचे दिए गए विवरणानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :

| क्र. सं. | पदनाम | पद का वेतन लेवल | अधिकतम आयु सीमा | कुल रिक्तियां | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | सामानांतर रिक्तियाँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | दिव्यांग | भू.पू.सै. |
| | **प्रशासन एवं वित्त पद** | | | | | | | | | | |
| | **समूह - क पद (सीधे भर्ती द्वारा भरे जाएं)** | | | | | | | | | | |
| 1 | सहायक निदेशक प्रशासन एवं वित्त)- वित्त के लिए | लेवल-10 (रु. 56100-177500) | 35 वर्ष | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - |
| 2 | सहायक निदेशक (विपणन एवं उपभोक्ता मामले) | लेवल-10 (रु. 56100-177500) | 35 वर्ष | 01 | - | - | - | - | 01 | - | - |
| 3 | सहायक निदेशक (हिंदी) | लेवल-10 (रु. 56100-177500) | 35 वर्ष | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | **समूह - ख पद (सीधे भर्ती द्वारा भरे जाएं)** | | | | | | | | | | |
| 4 | निजी सहायक | लेवल-6 (रु. 35400-112400) | 30 वर्ष | 27 | 12 | 02 | 04 | 02 | 07 | 02 [01 सीआई, 01 ओएच] | - |
| 5 | सहायक अनुभाग अधिकारी | लेवल-6 (रु. 35400-112400) | 30 वर्ष | 43 | 15 | 05 | 06 | 03 | 14 | 01 [एचआई] | - |
| 6 | सहायक (कम्प्यूटर एडिड डिजाइन) | लेवल-6 (रु. 35400-112400) | 30 वर्ष | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | **समूह - ग पद (सीधे भर्ती द्वारा भरे जाएं)** | | | | | | | | | | |
| 7 | आशुलिपिक | लेवल-4 (रु. 25500-81100) | 27 वर्ष | 19 | 10 | 02 | 01 | 02 | 04 | 01 [01 वीआई] | 01 |
| 8 | वरिष्ठ सचिवालय सहायक | लेवल-4 (रु. 25500-81100) | 27 वर्ष | 128 | 58 | 12 | 19 | 05 | 34 | 05 [02 एचआई 02वीआई, 01 आईडीएमआई] | 12 |
| 9 | कनिष्ठ सचिवालय सहायक | लेवल-2 (रु. 19900-63200) | 27 वर्ष | 78 | 32 | 08 | 10 | 06 | 22 | 02 [01 एचआई, 01 आईडीएमआई] | 07 |
| | **प्रयोगशाला तकनीकी पद** | | | | | | | | | | |
| | **समूह - ख पद (सीधे भर्ती द्वारा भरे जाएं)** | | | | | | | | | | |
| 10 | तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला) | लेवल-6 (रु. 35400-112400) | 30 वर्ष | 27 | 16 | 02 | 01 | 04 | 04 | 03 [01 वीआई, 01 एचआई, 01 आईडीएमआई] | - |
| | **विषयवार रिक्तियां** | | | | | | | | | | |
| | यांत्रिकी | | | 13 | 07 | 01 | 01 | 02 | 02 | - | - |
| | रसायन | | | 12 | 07 | 01 | - | 02 | 02 | - | - |
| | माइक्रोबायोलॉजी | | | 02 | 02 | - | - | - | - | - | - |
| | **समूह-ग पद (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाएं)** | | | | | | | | | | |
| 11 | वरिष्ठ तकनीशियन | लेवल-4 (रु. 25500-81100) | 27 वर्ष | 18 | 11 | 01 | 01 | 01 | 04 | 01 [01 एचआई] | 01 |
| | **विषयवार रिक्तियां** | | | | | | | | | | |
| | कारपेंटर | | | 07 | 03 | 01 | 01 | 01 | 01 | - | - |
| | वेल्डर | | | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | प्लम्बर | | | 02 | 01 | - | - | - | 01 | - | - |
| | फीटर | | | 05 | 04 | - | - | - | 01 | - | - |
| | इलेक्ट्रिशियन/वायरमैन | | | 03 | 02 | - | - | - | 01 | - | - |
| 12 | तकनीशियन (इलेक्ट्रिशियन/वायरमैन) | लेवल-2 (19900-63200) | 27 वर्ष | 01 | - | - | - | - | 01 | - | - |

**आवेदन कैसे करें :**

2. उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना है, और आवेदन किसी अन्य तरीके से स्वीकार नहीं किए जाएंगे ;
3. आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 09 सितम्बर, 2024 (00:00) से 30 सितम्बर, 2024 की मध्य रात्रि तक होगा ;
4. योग्यता, अनुभव, सामान्य निर्देशों आदि के बारे में अधिक विवरण/जानकारी के लिए कृपया 'कैरियर के अवसर' शीर्षक के तहत बीआईएस वैबसाइट www.bis.gov.in देखें।

दिनांक : 07/09/2024

**निदेशक (स्थापना)**
**भारतीय मानक ब्यूरो**

CBC 08103/12/0013/2425

# गंगरेल मंडल में शुरुआत हुई भाजपा की सदस्यता अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

उमेश साहू अध्यक्ष भाजपा गंगरेल मंडल धमतरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रदेश जिले स्तर में सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई। उसी कड़ी में भाजपा गंगरेल मंडल में भी सदस्यता अभियान की शुरुआत आगत मुख्य वक्ता पिंकी शिवराज शाह पूर्व विधायक सिहावा राष्ट्रीय महामंत्री किसान मोर्चाए नगर निगम धमतरी के पूर्व महापर्व अर्चना चौबेएमंडल के प्रभारी चेतन हिंदूजा और मंडल के संयोजक ऋषभ देवांगन की उपस्थिति के साथ सोरम के यादव भवन में संपन्न हुई।सर्वप्रथम सभी आगत अतिथियों के माध्यम से भारत माता एवं भगवान राधे कृष्ण के मूर्ति पर तिलक वंदन माल्यार्पण करके प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम अपने अध्यय उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे की भाजपा गंगरेल मंडल को जिला नेतृत्व के आधार पर जो भी लक्ष्य मिला हुआ है उसको सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णु देव सरकार के नेतृत्व आधार पर गंगरेल मंडल लगातार प्रगति की ओर हैएऔर इस मंडल के रहवासी भाजपा के ऊपर पूरा विश्वास जता रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण लोकसभा चुनाव में दिखाएऔर इतिहास में पहली बार गंगरेल मंडल को विजय मिली यह पूरे कार्यकर्ताओं का कठिन परिश्रम के साथ कार्यकर्ताओं की ही जीत हैए और आगे भी हम इस प्रगति और जीत को बनाए रखेंगे। आगे मंडल के



प्रभारी चेतन हिंदूजा जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे की भाजपा के कार्यकर्ता कभी भी व्यक्ति निष्ठ नहीं होते भाजपा के कार्यकर्ता हमेशा दलनिष्ठ होते हैं और यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल में भी लगातार अपनी सदस्यता बढ़ाते हुए अनेक कामयाबियों को हासिल करने में सफल हो रहे है साथ ही लगातार इस मंडल में युवाओं की भूमिका मातृशक्तियों की भूमिका, बहनों की भूमिका का बढ़ना भाजपा के प्रति दृढ़ कर्तव्य निष्ठा को प्रदर्शित करती है ऐसे कार्यकर्ताओं को मेरा सलाम है। उपस्थित मंडल के प्रभारी ऋषभ देवांगन ने भी सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे की प्रत्येक बूथ में हमारे कार्यकर्ता टोली बनाकर प्रत्येक घर में जाएंगे और भाजपा की कार्यप्रणाली भाजपा के द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों को बताएंगे समझाएंगे और उनकी अनुमति से उन्हें सदस्यता दिलाएंगे।हमारे सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को कम से कम 100 सदस्य बनाने का आग्रह किया ताकि मंडल को जो भी लक्ष्य मिला हुआ है वह आसानी से पूरा हो सके। उपस्थित नगर निगम के पूर्व महापौर अर्चना चौबे ने कहे की भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को लेकर बहुत सजग है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही देश के भीतर महिला स्व सहायता समूह बनाकर महिलाओं को सक्षम, शिक्षित और जागरूक करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की शुरुआत हुई है आज प्रत्येक महिला पुरुष के बराबरी में काम करते हुए कई सफ्लता को हासिल कर रहे हैं और हर क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं इस विषय को लेकर के हम मातृशक्तियों के पास जाएंगे और उन्हें भाजपा का सदस्य बनाएंगे। उद्बोधन के अंतिम कड़ी में मुख्य वक्ता के रूप में आए पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह सभा को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में तीज का त्यौहार भी बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है उसके बाद भी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भाजपा के प्रति दृढ़ निष्ठा को दर्शाती है भाजपा का जो ध्येय एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र जिसके कारण आज भाजपा पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना रही है। भाजपा सिर्फ सत्ता हासिल करने राजनीति नहीं करती बल्कि देश को सुरक्षित रखने के साथ देश को पूरे विश्व में एक अलग नेतृत्व करने वाली देश के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम करने वाली पार्टी है। आज पूरा विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हुई है। कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में विश्व के कई देशों को वैक्सीन उपलब्ध करा करके उन्होंने विश्व बंधुत्व का सबसे बड़ा संदेश विश्व को दिया है। निश्चित रूप से सभी कार्यकर्ताओं की कठोर परिश्रम और निष्ठा से इस सदस्यता महाअभियान को हम सफ्ल करेंगे इस विचार के साथ उन्होंने अपने भाव को समाप्त किया।कार्यक्रम का आभार मंडल के मंत्री टिकेश्वर देवांगन और सरपंच नंदिनी साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री नरेश यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुष्यंत सिन्हा ,चेतन साहू, ईश्वर साहू,हेमंत साहू,मायाराम यादव ,विशाल देवांगन ,अजय गार्डिया,राहुल विश्वकर्मा ,धीरेंद्र सिंह,मनीराम,महेश सविता ,मोहित साहू, भूपेंद्र साहू के साथ अनेक कार्यकर्ता,उपस्थित थे।

# लंबर स्कूल परिसर में मनाया गया शिक्षक दिवस

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवम हाई स्कूल लंबर के सयुक्त तत्वाधान में कक्षा पहिली से दसवीं तक के समस्त छात्र छात्राओं द्वारा शासकीय स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा समस्त शिक्षकों को स्वागत द्वार पर आरती तिलक लगाकर थाल ससम्मान मंचासीन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी एवम डा सर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पूजन कर,आरती ,पुष्प माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात हाई स्कूल प्राचार्य नवीन पटेल, समन्वयक संतलाल पटेल, उच्च प्राथमिक प्रधान पाठक समारू लाल चौहान, प्राथमिक प्रधान पाठक गौरी शंकर साव, व्याख्याता प्रमोद भोई, शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी एवम शिक्षक अजय कुमार चंद्रा का स्वागत छात्र प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प गुच्छ अर्पित कर तिलक लगाकर किया गया। मदनलाल चौरसिया अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति लंबर का भी स्वागत छात्र छात्राओं ने तिलक व बुके भेंट कर किया गया ।पश्चात समस्त कक्षाओं से छात्र छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत, कविता,भाषण की प्रस्तुति दी गई । साथ ही साथ सभी शिक्षको से सारगर्भित उद्बोधन लिया गया।फिर छात्र छात्राओं ने शिक्षकों को मटका फेड़ एवम बाल्टी बाल खेल हेतु आमंत्रित किया। जिसमे श्संतलाल पटेल समन्वयक ने मटका फेड़ कर अपना स्थान बनाया,बाल्टी बाल में अजय चंद्रा सर ने पहला स्थान पर कामायाबी हासिल किए। सभी शिक्षकों को लेखनी व डायरी उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।कक्षा 1ली से 10 वीं तक के सभी छात्र छात्राओं ने पूड़ी सब्जी का लुफ्त उठाया। अंतिम में सभी शिक्षक व छात्र छात्राओं के द्वारा सामूहिक गीत पर नृत्य कर भरपूर मनोरंजन करते हुए धूमधाम से कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में मंच संचालन शाला नायिका कुमारी सेतकुमारी पटेल व छाया वैष्णव ने संयुक्त रूप से किया। उक्त जानकारी स्कूल मीडिया प्रभारी शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी ने दी।

# अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




शिक्षक दिवस पर अंचल के 15 गांवो के शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन अल्ट्राटेक रावन सी एस आर परिसर के आडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आस पास के 15 ग्राम रावन, पडकीडीह, पेंड्री कशीडीह, नेवारी, फुलवारी, झीपन, गुमा, तिल्दाबांधा, औरासी, छिराही, खपराडीह, रवेली, चुचरुंगपुर के शासकीय एवं गैर शासकीय, जूनियर हाईस्कुल, हाईस्कूल एवं सीनियर सेकेंड्री स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संयन्त्र प्रबंधन से मानव संसाधान प्रमुख करन मिस्त्री, एकाउन्ट विभागाध्यक्ष राजेश्वर शर्मा एवं एच आर विभागाध्यक्ष सुधींद्र पांडा एवं ईआर विभागाध्यक्ष ललन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। मानव संसाधन प्रमुख ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षको का सम्मान आदि काल से चली आ रही है शिक्षको के कारण ही महान विभुतियो का उदय हुआ है। शिक्षक की महत्ता को शब्दों में नहीं बोला जा सकता है यह अतुलनीय है। राजेश्वर शर्मा ने हर महान विभूति के पीछे एक शिक्षक का योगदान के बारे में बताया तथा सुधींद्र पांडा ने कहा कि शिक्षक की भूमिका एक अच्छे समाज को गढ़ने में महत्वपूर्ण होता है। ललन सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सेना आदि के क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। शासकीय विद्यालय नेवारी तथा गुमा के प्राचार्य ने डिजीटल शिक्षा तथा शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच रिश्ते के बारे मे बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों का सम्मान अल्ट्राटेक प्रबंधन के पदाधिकारियो द्वारा शाल एवं श्रीफ्ल पदत्त कर किया गया। कार्यकम के सफ्ल आयोजन में अल्ट्राटेक सीएसआर टीम से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योस्तना पति एवं रंजय पांडेय के साथ साथ टीम से द्वारिका वर्मा, दया वर्मा, सुरेंद्र यादव, ताराचंद वर्मा, साहिल पैकरा, धनेश्वरी साहू एवम अरुणेद्र सिंह की भूमिका रही।

# शास्त्री नगर स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस, बच्चों को भेंट में मिला स्मार्ट टीवी



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 8 स्थित प्राथमिक शाला शास्त्री नगर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जहां न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को भोजन खिलाया गया। इस दौरान संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा बच्चों की स्मार्ट पढ़ाई के लिए स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया जिसके लिए शाला प्रबंध समिति, शिक्षकों एवं बच्चों ने अग्रवाल जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष सुभासिनी भोई, उपाध्यक्ष प्रीति दास, समिति सदस्य शिवा दास, चंचल चौहान, साबिया दास, नेहा सतपथी, परमेश्वरी दास,संकुल समन्वयक कोमल प्रताप चौधरी, प्रधान पाठक अनुपमा सतपथी, सहयोगी शिक्षक अनीता चौधरी, पुष्पाजलि चौधरी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में शिक्षक दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रथम सत्र में विद्यालय के भैया बहनों ने आचार्य एवं दीदीयों का स्थान लेकर के प्रथम सत्र में सभी कक्षा में अध्ययन अध्यापन का कार्य किये। द्वितीय सत्र में आचार्य एवं दीदीयों के लिए खेल प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । आचार्य एवं दीदीयों को कुर्सी दौड़ एवं हंडी फोड कार्यक्रम कराया गया, जिसमें क्रमशः दोनों ही खेल में प्रथम स्थान कुमारी रोशनी एवं आचार्य नयन श्रीवास को प्राप्त हुआ । कुर्सी दौड़ में द्वितीय कुमारी पुष्पा डडसेना एवं उद्धव लाल पटेल को प्राप्त हुआ। खेल कार्यक्रम के पश्चात आचार्य दीदीयों के लिए तात्कालिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें विभिन्न विषयों पर आचार्य दीदीयों ने गतिविधि कर भैया बहनों को आनंदित किये। समापन सत्र में विद्यालय प्रबंध



समिति के अध्यक्ष बीपी देवांगन द्वारा शिक्षक दिवस को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य कमल स्वर्णकार एवं प्रधानाचार्य मोतीलाल यादव के मार्गदर्शन एवं सभी आचार्य एवं दीदीयों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख नयन श्रीवास नें दिया।

# रोहिना हाईस्कूल में साइकल का वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल रोहिना में निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं के छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणी साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पं. रोहिना सचिव उसत, पंच विजय राणा, खिरोद्र साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस योजना से उन बच्चों को लाभ मिल रहा जो स्कूल आने के लिए साधन न होने के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते थे। उन्होंने बालिकाओं को नियमित रूप से साइकिल से समय पर पढ़ने आने अपील की। नेपाल साहू ने पढ़ाई के साथ साथ आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। शिक्षक एके पटेल ने सरस्वती सायकल योजना की जानकारी देते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कमलेश साहू व आभार प्रदर्शन शिक्षक एस के पटेल ने किया। इस अवसर पर कैलाश कमार, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा पालक तुलाराम राणा, फूलसाय गंधेल, नेपाल यादव, अश्विनी बंजारा, संकीर्तन भोई सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# शिक्षक मोमबत्ती की तरह होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को देता है प्रकाश : राकेश साहू



पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन से करीब7 किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम पंचायत सरखोर हैं,,, जंहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व माँ सरस्वती शिशु मंदिर संचालित है।दोनों ही विद्यालयो में शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विद्यालयीन छात्र छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओ को सम्मानित करने के शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किये गए थे।छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कायक्रम की मनमोहक प्रस्तुति भी किये इसके अलावा छात्र छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए अलग अलग प्रकार खेल का आयोजन भी किये गए।सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को छात्र छात्राओं ने उपहार में श्रीफल, पेन एवं आकर्षक उपहार देकर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किये।इस अवसर पर छात्र छात्राएं सहित शिक्षक शिक्षिकाओ की उपस्थिति रहा।वहां विशेष अतिथि के रूप में गोलू कैवर्त जिला संगठन प्रभारी श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ बलौदाबाजार भी उपस्थित रहे।छात्र छात्राओं ने पत्रकार का भी सम्मानित किये। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य किशोर साहू व माँ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय सरखोर के प्रधानाचार्य राकेश रोशन ने कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की दीपक की तरह होता है जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों सहित दूसरों को प्रकाश देता है। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रभारी प्राचार्य किशोर साहू, योगेंद्र सोनवानी, मातादीन साहू सहित समस्त स्टाफ वहीं माँ सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में टीचर-प्राचार्य अंतराम साहू, संचालक एवं प्रधानाचार्य राकेश रोशन साहू ,सहायक प्रधानाचार्य धनंजय साहू , शिक्षक एवं शिक्षिकाएं गण गोर लाल कठोत्रे , राज कुमार साहू, प्रीतम पटेल , पुरुषोत्तम यादव, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, गिरिज राम बंजारे, हरपाल जोशी, पुष्पलता साहू, सरिता पाण्डेय, मोनिका साहू , आशा पटेल , अमीषा पटेल, कविता साहू, धनिता पटेल, सफाई कर्मी रामकुमारी यादव अमरनाथ पटेलवाहन चालक कृष्ण कुमार पटेल , सूरज साहू, सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहा।

# तीज व्रत एवं गणेश चतुर्थी पर्व की पार्षद विजय मोटवानी ने दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



सनातन परंपरा में छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहर के रूप में अनेक तीज त्यौहार एवं धार्मिक अनुष्ठान शामिल है जिसमें मातृशक्तियों का अपने सुहाग की सलामती के लिए गणेश चतुर्थी के एक दिवस पूर्व अपने मायके में जाकर निर्जला तीज व्रत रखते हुए पूजा.अर्चना करने का विधान है इसी पर्व पर आमापारा वार्ड के जागरुक पार्षद विजय मोटवानी द्वारा शहर सहित क्षेत्र की मातृशक्तियों को तीज व्रत पर शुभकामनाएं देते हुए सभी की खुशहाली की प्रार्थना भगवान शंकर एवं माता पार्वती से की है । मोटवानी ने आगे कहा है कि गणेश चतुर्थी का पर्व भी हम सबके जीवन में प्रथम पूज्य विघ्न विनाशक गणपति बप्पा को विराजित करने के साथ सामाजिक सरोकारों से एक दूसरे को जोड़ने का परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है जिसे आगे बढ़ना और आने वाली पीढ़ी को इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना हम सब का सार्वजनिक जीवन में धर्म है जिसके लिए शहर के सभी गणेश पंडाल जहां भगवान विराजित होकर प्रतिदिन सुबह और शाम भक्ति में वातावरण में उक्त कार्य को संपन्न कर रहे हैं इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। इसके साथ ही मोटवानी ने सभी से 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है नगर निगम के स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ते हुए प्रदेश सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने की आग्रह पूर्वक अपिल की है।

# जिले के 1490 स्कूलों में शिक्षक दिवस पर आयोजित किए गए कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद् भारत रत्न डॉण् सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आज देशए प्रदेश सहित जिले में भी शिक्षक दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के 1490 स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया और अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही जिले में अनोखी पहल भी की जा रही है, जिसमें बडी कक्षाओं के बच्चों द्वारा अपने से छोटी कक्षाओं के बच्चों को बाल शिक्षक के तौर पर अध्यापन कराया जा रहा है। इससे उनके व्यक्तित्व का विकास तो होगा हीए इसके साथ ही पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझने एवं भविष्य में अच्छे शिक्षक बनने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी भी शामिल हुए। हायर सेकेण्डरी स्कूल रूद्री में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी से सभी बच्चे को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के साथ.साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता दर्ज कर व्यक्तित्व विकास करने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। साथ ही उनका हौसला अफ्जाई करते हुए निरंतर कठिन परिश्रम कर लक्ष्य को प्राप्त करने अपनी शुभकामनाएं दीं। मरकाम ने शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैंए वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय करने और उनका निरंतर मार्गदर्शन करने में सहायता करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक ज्ञान और बुद्धि के स्त्रोत हैंए वे बच्चों के उज्जवल भविष्य संवारने में उन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शिक्षक दिवस के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया गया बलौदा बाजार बलौदा बाजार के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रघुनाथ प्रसाद केसरवानी उत्तर बुनियादी प्राथमिक शाला में शिक्षक दिवस के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन स्कूल के शिक्षा विद एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी अपने जन्मदिन के अवसर पर एवं शिक्षक दिवस के दिन अपने पूरे परिवार शहित स्कूल पहुंचकर नेता भोज का आयोजन किया इस आयोजन में स्कूल के बच्चों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया इस आयोजन में बच्चों ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी तथा कार्यक्रम पश्चात मौजूद सभी शिक्षकों का पूरे परिवार की ओर से




सम्मान किया गया सभी शिक्षको को फूल गुच्छा एवं उपहार देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर नरेश केसरवानी ने वहां मौजूद बच्चों एवं आए अतिथियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा है यह दिन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति विद्वान भारत र से सम्मानित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी ने भी वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस के इस खास मौके पर हम उन सभी शिक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने हमारी जिंदगी को सही दिशा दी है शिक्षक केवल पाठ्यक्रम के ज्ञान के ही शिक्षक नहीं होते बल्कि वे जीवन के पाठों के भी मार्गदर्शक होते हैं उनकी मेहनत समर्पण और शिक्षण की कला ने हमें सिखाया की कैसे अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाए और समाज में अपनी जगह बनाए शिक्षक दिवस पर स्कूल कॉलेजों और विद्यालयों में खास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा जा सके इस दिन छात्र अपने प्यारे शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञ दिखाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नित्य का आयोजन करते हैं यह दिन उन लोगों के लिए भी खास होता है जो अब स्कूल या कॉलेज में नहीं है क्योंकि उन्हें अपने पुराने शिक्षकों को धन्यवाद कहने का मौका मिलता है इस कार्यक्रम में उपस्थित केसरवानी परिवार के सदस्यों ने स्कूल के बच्चों को नेवता भोज कराया जिसमें कई तरह के पकवान अपने हाथों से बच्चों को थाली में परोस कर सभी ने खिलाएं इस मौके पर परिवार के विजय विभा केसरवानी महेश विनीता केसरवानी नरेश मनीषा केसरवानी राजेश रश्मि केसरवानी अविनाश सोनल केसरवानी राज नारायण रजनी केसरवानी शहित आत्मानंद इंग्लिश स्कूल की प्रिंसिपल ऋतु शुक्ला भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी समाजसेवी नरेश भट्टार शाला के अध्यक्ष ताराचंद कन्नौजे संजय श्रीवास स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षिकाएं जिनमें प्रमुख रूप से प्रधान पाठक कविता चंद्राकर साधना पन्ना योगेश्वरी जांगड़े चोवा राम साहू हेमलता पैकरा फणिश कुमार साहू शाहित स्कूल के बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# किसानों को कृषि योजनाओं की जानकारी देने कृषि चौपाल का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग एवं समवर्गीय विभागों द्वारा संयुक्त रूप से योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से 02 सितम्बर, 2024 से 03 अक्टूबर, 2024 तक कृषि चौपाल कृषि संध्या का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें किसान उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते हैं। कृषि चौपाल के माध्यम से किसान भाई खेती-किसानी के प्रयोग में आने वाली आदान सामग्रियों जैसे खाद,उन्नत बीज, कृषि यंत्र, पौध संरक्षण, कीटव्याधि एवं उन्नत कृषि तकनीक आदि की जानकारी एवं सलाह प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कृषि कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उचित निराकरण करा सकते है। उक्त चौपाल में कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी, क्रेडा एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी भी उपस्थित रह कर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। कृषि चौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि



योजना से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं पात्र शेष किसानों का सत्यापन कर नवीन पंजीयन करना है। योजना का उद्देश्य कृषि भूमिधारक पात्र कृषक परिवारों को कृषि आदान सामग्री की पूर्ति सुनिश्चित् करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत् पंजीकृत पात्र कृषकों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की राशि दो-दो हजार की तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। वर्तमान में जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत राज्य में सबसे अधिक 1 लाख 24 हजार 27 किसानों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। कृषि चौपाल में पीएम-किसान अंतर्गत किसानों के पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी,भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया जावेगा।

# टॉपर छात्रों को मुख्यमंत्री से मुलाकात, दिल्ली दर्शन और मिलेगा लैपटॉप, गत वर्ष की टॉपर छात्राओं को सौंपी स्कूटी

■ **विधायक रेणुका सिंह की शिक्षक दिवस पर बड़ी घोषणा**

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



गत वर्ष के विधानसभा क्षेत्र के टॉपर छात्रों को 2 स्कूटी प्रदान करने के बाद भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने शिक्षक दिवस के मौके पर छात्रों और शिक्षकों के लिए बड़ी घोषणा की है। जनकपुर के शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 1 नहीं अनेक नई घोषणा की है। 10वीं और 12वीं में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को लैपटॉप, हवाई यात्रा कर दिल्ली भ्रमण के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ मुलाक़ात के अलावा छात्र व छात्रा के प्रतिनिधित्व वाले स्कूल को 11 हज़ार रुपये की प्रोत्साहन राशि उपहार स्वरूप देने की घोषणा की है। विधायक रेणुका सिंह का कहना है कि ऐसी घोषणाओं से छात्रों के बीच अव्वल आने की प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, जिससे वो मन लगाकर पढ़ाई करते है। शिक्षक दिवस के मौके पर विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने गत वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालो को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विधायक रेणुका सिंह द्वारा किए गए वायदे के अनुरूप 10वीं व 12वीं कक्षा के टॉपर छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी गई। गौरतलब है कि विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं के शुरुआत के दौरान यह घोषणा की थी कि 10वीं व 12वीं में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में टॉपर आने वाले छात्र छात्राओं को स्कूटी या बाइक प्रदान की जाएगी। मई में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए जिसमे दो छात्राओं न पूरे विधानसभा क्षेत्र में टॉप किया। 12वीं में विज्ञान संकाय से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा अंकिता रजक ने 91.20 प्रतिशत अंक लाकर सिर्फभरतपुर सोनहत विधानसभा में ही नहीं अविभाजित कोरिया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यू लाइफ इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा शिफा बी ने 96.50 प्रतिशत अंक लाकर भरतपुर सोनहत विधानसभा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति-** सांस्कृतिक कार्यक्रम में भरतपुर ब्लाक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन सच्चिदानन्द साहू ने किया। व आभार प्रदर्शन बीईओ इस्माइल खान ने किया शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भरतपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, एसडीएम प्रवीण भगत, तहसीलदार मनहरण राठिया, विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह, नई लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज यादव, खोंगापानी नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा, गुड्डू मिश्रा, नीलिमा चतुर्वेदी, रजनीश मिश्रा, उदय प्रताप सिंह, अजय जगवानी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंदवानी भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन शुक्ला समेत गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

**इन सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान-** रेणुका सिहं ने भैया बहादुर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजेन्द्र दुबे, सुरेंद्र सिंह, मंगलेश्वर प्रसाद मिश्र, जयप्रकाश वर्मा, शिवकुमार शर्मा, मनमोहन शर्मा, श्यामलाल, राम सिंह, शिवशंकर राम, माधव सिंह, मान सिंह, रूपनारायण सिंह तथा प्रमोद सिंह सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया।

# विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्शिल मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में शिक्षक दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये. विद्यालय प्रबंधन एवं कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन सेवा निवृत्त शिक्षकों ऊषा रानी बर्मन एवं मनोहर लाल खियानी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथियों एवं संस्था प्राचार्य इन्द्रा सेंगर के द्वारा माता सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के साथ संस्था के शिक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला के स्वतिवाचन के साथ हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों के द्वारा उनके चरण प्रक्षालन पश्चात तिलक लगा, माल्यार्पण के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। संस्था की प्राचार्य इन्द्रा सेंगर के द्वारा इस कार्यक्रम के लिये अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथियों के प्रति स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई व शुभकामना दी गई। कायक्रम में आये अतिथियों ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को शिक्षा व शिक्षकों की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया साथ ही कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान करने के साथ अपने शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के आकर्षक टाइटल भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। संस्था के शिक्षकों ने भी अपनी-अपनी कलाओं और विधाओं की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन के सचिव संजय सेंगर ने के इस कार्यक्रम के लिए अपना अमूल्य समय देने के लिए आये हुए अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। आज के इस कार्यक्रम में मंच संचालन श्रुती मंगतानी एवं अमन गुप्ता के द्वारा किया गया।

# 176 शिक्षकों का सम्मान, शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र, फल और शाल भेटकर सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






शिक्षक दिवस के अवसर पर फेडरेशन ऑफएजुकेशनल सोसाइटीज छत्तीसगढ़ एवम प्राचार्य मंच रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 05 सितम्बर 2024 को ज्ञानोदय भवन गुजराती शिक्षण संघ, देवेंद्र नगर, रायपुर के सभागार में आयोजित हुआ। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंग उबोवेजा जी उपस्थित हुए। कार्यस्र5म की अध्यक्षता रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक माननीय पुरंदर मिश्रा जी तथा विशेष अथिति के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ला जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एवम कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओ को प्रशस्ति पत्र, द्वत्तल और शाल भेटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के महत्ता की तारीफकरते हुए सभी शिक्षकों का सादर अभिवंदन वंदन नमन किया गया । कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष अजय तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश शुक्ला , उपाध्यक्ष अशोक पटेल, आर के तिवारी, महासचिव अरविंद शर्मा जी, सचिव शरद दुबे , कार्यकारिणी सदस्य गण दिनेश गोयल, शीबा चंडोक, रेणु हैगर, प्राचार्य मंच के अध्यक्ष अशोक दूबे , उपाध्यक्ष व्ही के मिश्रा जी के साथ वल्लभ हरि बल्लभ अग्रवाल प्राचार्य गण डा शैलेश शर्मा , प्रकाश पटेल, अनीस मेमन, शिक्षक गण , अन्य स्टाफ उपस्थित रहे ।

# श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, छत्तीसगढ़ के सभी कैंपस में शिक्षकों को सम्मानित करने धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़इंस्टिट्यूशन में 05 सितम्बर भारत के महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परम्परा जो चली आ रही इसको निरंतर बनाये रखते हुए, इस दिवस के उपलक्ष्य में मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी, बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग,बिलासपुर व श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में श्री रावतपुरा सरकार के चेयरमैन 'रविशंकर महाराज श्री' के आशीर्वाद के साथ हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों द्वारा शिक्षको के सम्मान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षकों को अच्छे चरित्र व व्यवहार सिखाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष अतिथियों द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवन करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों के सम्मान में अभिनंन्दन गीत का गायन किया एवं भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किया। तत्पश्चात् विशेष कैंपस डायरेक्टर व कैंपस निदेशक की उपस्थिति में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्बोधित करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयीं। इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सभी शिक्षकों को अच्छे चरित्र व व्यवहार सिखाने हेतु प्रेरित किया गया । छात्रों को शिक्षकों से अच्छे आचरण व व्यवहार को ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे कि समाज में सम्मान प्राप्त हो सके व अच्छा वातावारण व माहौल का निर्माण किया जा सके। क्विज का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस पर खुशी के माहोल को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए क्विज कम्पटीशन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

# जिला स्तरीय शिक्षक दिवस पर 20 शिक्षकों को मिला सम्मान



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते एवं अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा मां सरस्वती, डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं छत्तीसगढ़ी महतारी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। व्ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला स्तर के 03 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार एवं विकासखण्डों में कार्यरत कुल 17 शिक्षकों को शिक्षादूत पुरस्कार व शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्राध्यापक गण कड़ी मेहनत कर उनके भविष्य को संवारने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आर.एन.पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी डा.डी.एन.मिश्रा,पिछड़ा आयोग सदस्य कृष्णा गुप्ता,जनपद अध्यक्ष विनय पैंकरा,उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी,शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# शांतिनिकेतन महाविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षक दिवस के अवसर पर शांतिनिकेतन महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हमारे माननीय शिक्षकों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता जी, प्रधानाचार्य डॉक्टर देवाहूती के तिवारी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई .। संचालक मुकेश गुप्ता गुप्ता ने कहा कि हमारी पहली शिक्षक हमारी मां होती है शिक्षक ही समाज के निर्माता होते हैं और उन्हें समाज के भविष्य का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी जाती है। प्रधानाचार्य मैडम ने कहा की हमारे शिक्षकों ने अपने ज्ञान और अनुभव से हमें शिक्षित किया है, और हमें एक अच्छा नागरिक बनाने में मदद की है। हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। इस अवसर पर मंच का संचालन रुद्राणी, हेड बॉय पंकज पटेल हेड गर्ल रिमझिम ने किया कार्यक्रम में सीनियर छात्र चितरंजन, चेतन, रितिक, आदि ने जूनियर्स को मार्गदर्शित किया इशांत शर्मा ने ने स्पीच एवं साक्षी वेलकम नृत्य प्रस्तुत किया, इसके अलावा सभी सरिता के छात्र-छात्राओं ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें शिक्षकों के लिए पुरस्कार वितरण, शिक्षकों द्वारा छात्रों के लिए संदेश और शिक्षकों के सम्मान में गेम एवं गीत और नृत्य की प्रस्तुति शामिल थी।

# शिक्षकों के मार्गदर्शन से होता है भविष्य का निर्माण : डा. ओझा








पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

ए के इंस्टिट्यूट आफ नर्सिंग में सोल्लास मनाया गया शिक्षक दिवस मनेन्द्रगढ़.शिक्षक दिवस मनाने का उद्देशय शिक्षकों की सराहना करना है। शिक्षक हमारे जीवन को आकार देने और बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षक हमें सीखने, बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारा मार्गदर्शन करते हैं. उक्ताशय के विचार ए के इंस्टिट्यूट आफ नर्सिंग कालेज चैनपुर मनेन्द्रगढ़ में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डा. ए के ओझा ने व्यक्त किये. इस अवसर शिक्षकों को उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्मानित किया गया. आयोजन में संस्थान के डायरेक्टर डा. ए के ओझा, अवनिन्द्र सिंह, मृत्युन्जय चतुर्वेदी, धुरंधर तिवारी, रामचरित द्विवेदी, संस्था प्राचार्य, सभी शिक्षक प्रमुख रूप से मौजूद रहे. अपने विचार में मृत्युन्जय चतुर्वेदी ने कहा कि इस संस्थान में शिक्षा के साथ सभी गतिविधियों में जिस तरह से यहाँ के बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं. इस पिछड़े हुये क्षेत्र में इस संस्थान के संचालक के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ.समाजसेवी अवनिन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस भारत में 5 सितंबर को बड़े जोश के साथ मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमारे शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने के लिए होता है, बल्कि यह उनके प्रति आभार व्यक्त करने का भी एक अवसर है। शिक्षक हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमें न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे कैरक्टर, वैल्यूज और आदर्शों का निर्माण भी करते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इन्हीं मूल्यों और आदर्शों के प्रतीक थे, जिनके जन्मदिन पर 5 सितंबर को हम शिक्षक दिवस मननाते हैं। बलरामपुर से आये धुरंधर तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है। वे हमारे जीवन को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक हमें सही और गलत के बीच का अंतर सिखाते हैं, जो हमें जीवन में सही रास्ते पर चलने में मदद करता है। वे हमें भविष्य के लिए तैयार करते हैं, जिससे हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। वे हमें अपने जीवन को सुधारने में मदद करते हैं।

# शिक्षा महाविद्यालय मे रीयूनियन समारोह का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





डां.आर.एन. एस. शिक्षा महाविद्यालय मे शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रथम बैच 2009.10 के भूतपूर्व छात्रों का रियूनियन समारोह का आयोजन किया गया। 15 वर्षो के बाद हुई मुलाक़ात ने सभी के चेहरो पर मुस्कान ला दी। भूतपूर्व छात्रों ने अपने उन दिनो के अनुभव को साझा किया। महाविद्यालय मे अध्ययनरत छात्राध्यपिकाओ के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।महाविद्यालय के डायरेक्टर राजेश शर्मा ने भूतपूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये, साथ ही अपने उदबोधन् मे कहा कि आज ये सभी शिक्षक बन कर समाज मे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। रियूनियन समारोह मे उस समय के शिक्षक को आमंत्रित किया गया, जिन्हे भूतपूर्व छात्र अपने बीच पाकर बहुत हर्ष हुई। भूतपूर्व छात्रो के द्वारा महाविद्यालय को स्मृति चिन्ह के रूप मे पौधा भेट किया गया। कार्यक्रम के सफल मंच का संचालन बी एड थर्ड सेमेस्टर के छात्राध्यापिका नीतू यादव एवं रामपति के द्वारा किया गया, साथ ही समस्त छात्रों की सहभागिता रही। कार्यक्रम मे महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य नीतू सिंह, सहायक प्रध्यापक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, संकेत शर्मा, शिवकुमार, अंकिता कश्यप, अनुपमा बनर्जी, खुशी शर्मा, पिंकी राव, निरंजन केवट, गोपाल सिंह खेल अधिकारी, जिला एम सी बी, अग्नेश आनंद दास व्याख्याता सहित समस्त छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाये उपस्थित रहे।

## गुरु वह दीपक है जो खुद जलकर दूसरों को बनाता है प्रकाश वान-डा.मिश्रा

# सागर मोती फाउंडेशन ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर की समाजसेवी संस्था सागर मोती फउंडेशन के प्रमुख एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के काका लरंगसाय कम्यूनिटी टाउन हाल में विकास खंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत तत्कालीन सत्र में सेवानिवृत्त हुए 6 शिक्षको सहित शिक्षा के छेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शासकीय विद्यालयों में सेवारत 23 शिक्षकों एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं में सेवारत 16 शिक्षकों को शाल श्रीफल सहित मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। अयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन के छायाचित्र पर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया,इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किय गय। शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.डी.एन.मिश्रा ने कहा कि गुरु वह दीपक है जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। व्ही अध्यक्षता कर रहे वयोवृद्ध सेवानिवृत शिक्षक धनंजय पाठक ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि रामानुजगंज में मुझे लंबे समय तक शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला रामानुजगंज में शायद ही ऐसा कोई पुराना घर हो जहां मेरे पढ़ाए विद्यार्थी न हो। आज मुझे सुखद अनुभूति होती है कि जिस निष्ठा एवं समर्पण के साथ मैंने बच्चों को शिक्षा दी वे अपने जीवन में सफल है और सैकड़ों विद्यार्थी विभिन्न उच्च पदों पर सेवा दे रहे है मेरी खुशी तब दुगनी और बढ़ जाती है जब मैं उनमें संस्कार भी देखता हूं। रमन अग्रवाल ने कहा कि मुझे प्रारंभिक शिक्षा के समय से ही अपने गुरुजनों का भरपूर प्यार और मार्गदर्शन मिला,जिन शिक्षकों ने मुझे पढ़ाया था उनमें से बहुत से शिक्षक आज के इस समारोह में उपस्थित है। बेहतर समाज निर्माण के लिए अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा लगाने वाले समाज के सर्वश्रेष्ठ लोगों के रूप में गुरुजनों का सम्मान करके हम सभी अपने आप को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि विगत दो दशकों से अधिक समय से हम लोगों के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह किया जाता रहा है। विगत 25 वर्षो से लगातार शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पहले जहां लेपर्ड 21 के नाम से आयोजन होता था वही बाद में संस्था का नाम सागर फाउंडेशन रखा गया और फिर सागर मोती फाउंडेशन कर दिया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार बम्हनीडीह, जिला- जांजगीर चांपा (छ0ग0)**

// ईश्तहार //

आम जनता ग्राम बम्हनीडीह प.ह.न. ...03... तहसील बम्हनीडीह जिला-जांजगीर-चांपा छ. ग. को एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोषदास गुरू पिता जगदीश दास निवासी बम्हनीडीह तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते ग्राम बम्हनीडीह में स्थित भूमि खसरा नं. 183, 184, 188/1-189, 172-173, 181/1, 188/2 शामिल 221, 223/2 कुल खसरा 5 रकबा क्रमशः 1.737, 1.598, 0.186, 0.320, 1.036 कूल रकबा 4.877 हें भूमि को रिकार्ड दुरूस्ती करने बाबत् सहपत्रों सहित छ0ग0भू0 राजस्व संहिता 1969 (संशोधन) अधिनियम 2022 के परिपालन मे धारा 155 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस व्यक्ति / संस्था / बैंक / गैर सरकारी संस्था / समिति को आपत्ति हो तो दिनांक 20/9/24 को मेरे न्यायालय मे उपस्थित हो कर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के समाप्ति के पश्चात की गई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बम्हनीडीह

**छत्तीसगढ़ शासन, जलसंसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

नि.आ.सू. क्रमांक 01/व.ले.लि./2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 04.09.2024

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम) //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' श्रेणी एवं ऊपर के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्यूअल पद्धति से कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 20.09.2024 समय संध्या 05.00 तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिति - 25.09.2024 समय दोपहर 03.30 तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 26.09.2024

| स.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 |
| 1. | दन्तेवाड़ा जिले के विकासखण्ड दन्देवाड़ा में चेकडेम निर्माण कार्य ग्राम झिरका पंडेवार | 49.97 लाख |

रिमार्क :- 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 1,500/- मात्र। (जो वापसी योग्य नहीं)
2. अमानत राशि रू. 50,000/-
3. कार्य पूर्ण करने की अवधि-06 माह (वर्षाकाल सहित)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

G-242502263/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग दन्तेवाड़ा

## संपादकीय

# मोदी की सिंगापुर यात्रा महत्वपूर्ण कदम

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की महत्वपूर्ण सिंगापुर और ब्रूनेई यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति को मजबूत करने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दक्षिणपूर्व आशियान क्षेत्र में भारत के विदेश संबंध मजबूत करने के दृष्टिकोण से विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ऐसे संबंधों का रणनीतिक महत्व है। मोदी की सिंगापुर यात्रा से प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के व्यापक लक्ष्यों को स्पष्ट करते हैं। सिंगापुर का भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति में महत्वपूर्ण केन्द्रीय स्थान है क्योंकि यह दक्षिणपूर्व एशिया का प्रवेश द्वार तथा भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति को आगे बढ़ाने में प्रमुख साझीदार है। 2021-2024 तक आशियान-भारत संबंधों में समन्वयक के रूप में सिंगापुर भारत और आशियान के बीच क्षेत्रीय गतिशीलता को स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। आशियान समूह हिंद-प्रशांत में शांति, स्थायित्व व समृद्धि बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा दोनों देशों के बीच गहराते संबंध रेखांकित करती है। इनमें खासकर व्यापार, डिजिटलीकरण और टिकाऊ विकास शामिल हैं। भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 2023 में 36.6 बिलियन डालर तक पहुंच गया। इस प्रकार सिंगापुर एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। प्रधानमंत्री मोदी के यात्रा एजेंडे में राष्ट्रपति थारमन शन्मुगरत्नम और प्रधानमंत्री लारेंस वोंग समेत सिंगापुर के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा शामिल थी जिसका उद्देश्य उत्कृष्ट विनिर्माण, लाजिस्टिक्स और वाणिज्यिक रियल इस्टेट में सहयोग के नए अवसर तलाशना था। इस यात्रा से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ होने की आशा है। इनमें खासकर सिंगापुर की कंपनियों से भारत के उभरते क्षेत्रों में प्रत्यक्ष



विदेशी निवेश आकर्षित करना शामिल है। उत्कृष्ट विनिर्माण और डिजिटलीकरण पर भारत खासतौर से ध्यान दे रहा है जिसका उद्देश्य देश को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाना है। इसके साथ ही टिकाऊ विकास पर जोर भारत की जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों पर प्रतिबद्धता के अनुसार है। यह भारत और सिंगापुर, दोनों के लिए प्राथमिकता है।

रणनीतिक रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सिंगापुर की महत्वपूर्ण साझीदार की भूमिका का महत्व अनदेखा नहीं किया जा सकता है। भारत के '5 एस' दृष्टिकोण में सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि शामिल हैं। ये हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके संपर्क के आधार हैं जिसमें सिंगापुर और ब्रूनेई प्रमुख साझीदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता प्रकट करती है जहां आशियान एक केन्द्रीय भूमिका में है। प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर-ब्रूनेई यात्रा द्विपक्षीय संपर्क से आगे जाती है। यह भारत की दक्षिणपूर्व एशिया के साथ संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है जो उसकी 'एक्ट ईस्ट' नीति का अंग है। इस यात्रा के दौरान हुई चर्चाओं से गहरे आर्थिक और रणनीतिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होने की आशा है। इन संबंधों का विस्तार केवल सिंगापुर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक जाता है। भारत लगातार इस क्षेत्र में एक प्रमुख पक्ष के रूप में अपनी भूमिका पर जोर दे रहा है। इस दृष्टिकोण से सिंगापुर एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साझीदार है जिसे किसी प्रकार भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। भारत-सिंगापुर के बीच संबंध संवाद, सहयोग और साझा समृद्धि के आधार पर परिभाषित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रूनेई यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने का निर्णय किया है।

# भाजपा का स्व-शक्तीकरण अभियान

भाजपा ने 100 मिलियन नए सदस्य भर्ती करने का अभियान चलाया है। अनेक आलोचनाओं व आंतरिक चुनौतियों के बावजूद भाजपा अपना प्रभुत्व लगातार मजबूत कर रही है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भाजपा ने 100 मिलियन नए सदस्य भर्ती करने का अभियान चलाया है। अनेक आलोचनाओं व आंतरिक चुनौतियों के बावजूद भाजपा अपना प्रभुत्व लगातार मजबूत कर रही है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा अपने क्षेत्र का विस्तार करने और स्वयं को और मजबूत करने के लिए दो प्रकार से काम कर रही है। पहला, वह दूसरी पार्टियों व खासकर कांग्रेस के प्रभावशाली नेताओं को अपनी पार्टी में ला रही है। भले ही इस प्रकार वह कुछ ही प्रभावशाली लोगों को लाने में सफल हो, पर आम जनता में उनका महत्व काफी होता है और वह पार्टी के विस्तार में सहायक होता है। दूसरी रणनीति के रूप में भाजपा भारी संख्या में नए सदस्यों को अपनी पार्टी में शामिल करना चाहती है। दूसरे दलों के अनेक प्रभावशाली नेता भाजपा में आ रहे हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा-झामुमो के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। झामुमो के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित रूप से एक घोटाले में शामिल होने के बाद और गिरफ्तार होने पर उन्होंने चंपई सोरेन को अपने स्थान पर मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन कुछ दिनों पहले रिहा होने के बाद उन्होंने पुन: मुख्यमंत्री पद संभाल लिया था। बताया जाता है कि चंपई सोरेन इससे नाराज थे और इसी कारण वे भाजपा में शामिल हो गए। चंपई सोरेन जैसे नेताओं को शामिल करना प्रभावशाली मुख्यमंत्रियों को पार्टी में शामिल करने की प्रवृत्ति प्रदर्शित करता है।

इससे पार्टी की रणनीतिक सफलता स्पष्ट होती है। भाजपा दूसरी पार्टियों के प्रभावशाली नेताओं को अपने साथ लाती है क्योंकि इससे वे अपना प्रभाव बढ़ाने के साथ अपने कार्यकर्ताओं को भी साथ लाते हैं। कांग्रेस से लाए गए हिमंता बिस्वा सरमा इसका खास उदाहरण हैं। सरमा वर्तमान समय में पूर्वोत्तर के एक सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्ति बन गए हैं। 'नेशनल एलेक्शन वाच'-एडीआर के अनुसार दलबदल तथा पार्टियां बदलने का मुख्य कारण मूल्य-आधारित राजनीति का अभाव, पैसे और सत्ता का लालच, राजनीतिक पदों से लाभ उठाना तथा सक्षम, ईमानदार और विश्वसनीय नेताओं की कमी है। इसके साथ ही भाजपा ने 100 मिलियन नए सदस्य बनाने का अभियान भी चलाया है। पिछले सप्ताह आयोजित बैठक में भाजपा नेतृत्व ने इस व्यापक सदस्यता अभियान को दो चरणों में चलाने का फैसला किया है जो 2 से 25 सितंबर तथा 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेंगे। पिछले दशक में भाजपा की उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 1980 के दशक में मुख्यत: उच्च मध्य वर्ग, शहरी और हिंदू भाजपा का समर्थन करते थे।

लेकिन इसके बाद से उसने अपने प्रभावक्षेत्र में व्यापक विस्तार किया है और इस प्रकार उसने अपना राजनीतिक प्रभाव भी बहुत बढ़ाया है। अपने लगातार विस्तार और मजबूती के कारण भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है और अब वह 180 मिलियन सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। इसकी तुलना में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के 130 मिलियन सदस्य हैं। 2014 से 2019 के बीच भाजपा में पूरे देश में 180 मिलियन लोग शामिल हुए।

भाजपा में विभिन्न पार्टियों के हजारों नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं और उसका उद्देश्य राष्ट्रीय व जिला स्तरों पर 100,000 नेता तैयार करना है। वर्तमान सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा अपने सदस्यों के बारे में डेटा एकत्र करती है। इस डेटा में उनकी जाति, लिंग, आयु, आवास तथा अन्य विस्तृत विवरण शामिल हैं। पिछले दशक में कांग्रेस के अनेक प्रभावशाली नेता भाजपा में शामिल हुए जिनमें अनेक पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं। इससे मूल पार्टी कांग्रेस से उनकी निराशा, लालच तथा सत्ता प्राप्त करने की इच्छा प्रकट होती है। भाजपा ने अपने साथ आए इनमें से कुछ नेताओं को महत्वपूर्ण पद देकर सम्मानित किया है।

कांग्रेस छोड़ कर जाने वाले प्रभावशाली नेताओं में हिमंता बिश्वा सरमा, गुलाम नबी आजाद, कैप्टेन अमरिंदर सिंह, कपिल सिब्बल, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, मिलिंद देवड़ा व ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। हालांकि, इनमें से गुलाम नबी आजाद ने अपनी अलग पार्टी बनाई है तथा कपिल सिब्बल समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सदस्य बने हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण, रितेश पांडे, संगीता आजाद तथा अन्य हाल ही में भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा में शामिल होने वाले नेता अनेक पार्टियों से आए हैं जिनमें कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और वाईएसआरसीपी शामिल हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के बाद से स्थितियों में तेजी से परिवर्तन आया है। पाला बदलने वाले सदस्यों और नेताओं के कारण भाजपा को सर्वाधिक लाभ हुआ है, जबकि 2014 के बाद से कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। अनेक नेताओं के चुनाव में जीतने के बाद भी विपक्षी दलों को आशंका बनी रहती है कि वह उनके विधायकों को पार्टी बदलने के लिए मना सकती है। इनमें से अनेक महत्वपूर्ण समय पर पार्टी बदल लेते हैं जिसके कारण कई बार सरकार बहुमत प्राप्त करने में विफल हो सकती है। ऐसे में महत्वपूर्ण सवाल यह उठता है कि वे पालाबदल क्यों करते हैं?

यदि पालाबदल करने वाले नेताओं के पास अपनी पार्टियां छोड़ने के कारण हों तो भी भाजपा बिन हिचक उनको गले लगा लेती है। अपनी पार्टी के सत्ता से बाहर होने पर ऐसे अनेक नेताओं को अपने अप्रासांगिक होने का भय सताता है। ऐसे में प्रभुत्वशाली भाजपा के साथ जुड़ने पर उनको अपना नियंत्रण बनाए रखने तथा अपने बच्चों का राजनीतिक भविष्य सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। दूसरी पार्टियों के नेताओं को आकर्षित करने की भाजपा की सफल रणनीति एडीआर विश्लेषण से स्पष्ट होती है। इससे पता चलता है कि पुन: चुनाव लड़ने वाले नेताओं में 22 प्रतिशत ऐसे हैं जो अपनी पार्टियां छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद कांग्रेस में शामिल होने वालो का प्रतिशत 10 तथा बसपा में शामिल होने वालों का प्रतिशत 6 है। पिछले दशक में भाजपा ने दूसरी पार्टियों से अनेक नेताओं को आकर्षित किया। इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र में हिमंता बिश्वा सरमा जैसे नेताओं के उभार में सहायता की। भाजपा ऐसे पालाबदल करने वालों को क्यों स्वीकार करती है?

इसके तीन प्रमुख कारण हैं। पहला, इससे पालाबदल करने वालों की मूल पार्टी कमजोर होती है। दूसरा, इससे भाजपा को लोकप्रिय नेताओं को स्थापित पार्टियों से अपनी कतारों में लाने में सहायता मिलती है जिससे उसकी कतारें मजबूत होती हैं। तीसरा, भाजपा में दूसरी कतार के नेताओं की कमी के करण पालाबदल करने वालों को समाहित करने में आसानी होती है। ऐसा नहीं कि नाराज लोगों ने भाजपा छोड़ी न हो। कल्याण सिंह, शंकर सिंह वाघेला और येदियुरप्पा जैसे मुख्यमंत्री रहे नेताओं ने अपनी पार्टियां बनाईं, लेकिन विफल होने पर वे पुन: भाजप में लौट आए। भाजपा की गहन विचारधारा इन सभी को अपने साथ बांधे रखने में सफल होती है।

लंबे समय से भाजपा के वफादार रहे सदस्य नवागंतुकों को महत्वपूर्ण पद मिलने से नाराज होते हैं। अतीत में ऐसा हुआ है। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पार्टी इनमें से कुछ को ही स्थान दे सकी, जबकि बाकी बाहर चले गए। हालांकि, भाजपा अपना विस्तार कर रही है, पर उसके नेतृत्व पर अभी उच्च जातियों का प्रभुत्व है। भाजपा की अपनी सकारात्मक उपलब्धियां व मजबूती के कारण है, पर संकुचित विचारधारा, आक्रामक दृष्टिकोण, लापरवाही और घमंड के कारण उसकी आलोचना भी होती है।

भाजपा का वर्तमान सदस्यता अभियान 2024 के पश्चात चुनावों में उसकी शक्ति की परीक्षा होगी। हालांकि, भाजपा अकेली सबसे बड़ी पार्टी है, पर 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे केवल 240 सीटें मिलीं जो बहुमत से 32 कम हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का 'कांग्रेस मुक्त भारत' का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है। कांग्रेस में पुनर्जीवन की क्षमता है, इसलिए 140 साल पुरानी पार्टी को जल्दी समाप्त करना संभव नहीं है। भाजपा को उन गलतियों को दुहराने से बचना होगा जो कांग्रेस ने सत्तारूढ़ रहते हुए की थीं।

# वर्ण व्यवस्था बनाम जाति प्रथा



चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा

किसी भी शासन व्यवस्था में कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए कार्यों का वर्गीकरण किया जाता है ताकि सभी कार्य अपनी-अपनी जगह सुविधाजनक तरीके से संचालित होते रहें। इसीलिए प्राचीन काल में कार्यों का वर्गीकरण कार्य की महत्ता को देखते हुए चार भागों ब्राहमण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र में किया गया। यह व्यवस्था वैदिक काल से प्रचलन में थी और इसे वर्ण व्यवस्था का नाम दिया गया था। ऋग्वेद में भी इस वर्ण व्यवस्था का उल्लेख है और वर्तमान में भी संविधान में जातियों को तीन भागों में उनकी सामाजिक, आर्थिक क्षमता के आधार पर विभाजित किया गया है जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सवर्ण हैं। वर्ष 1990 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ी जातियों को भी सवर्ण से पृथक कर एक और विभाजन किया गया। इस प्रकार जातियों को चार वर्गों में विभाजित किया गया। वर्गीकरण की यही प्रक्रिया अन्य मामलों में भी अपनाई जाती है। शासकीय सेवकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है और इन श्रेणियों में पदक्रम अनुसार अनेक छोटे और बड़े पदों का निर्माण किया जाता है ताकि एक पिरामिड के रूप में प्रशासनिक व्यवस्था कुशलतापूर्वक संचालित हो सके।

आजकल जाति की बहुत चर्चा हो रही है। कई राजनैतिक दल जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं और इसके पीछे उन जातियों का या उस जाति के लोगों का उत्थान शायद उतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना राजनैतिक लाभ लेने का है। अब तो मिस इंडिया में कौन-कौन विजेता, किस जति की है और बजट बनाने में किस-किस जाति के अधिकारी शामिल हैं, इस पर प्रश्न उठाया जाता है। मतलब यह है कि अब योग्यता से अधिक जाति महत्वपूर्ण हो गई है। जातिगत जनगणना के पीछे उस जाति के सभी लोगों के उत्थान की बात होती तो शायद सभी लोग ख़ास कर जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग में शामिल जातियों के पक्षधर हैं, क्रीमीलेयर या जिन्हें एक बार आरक्षण का लाभ मिल चुका है, उन्हें आरक्षण का लाभ न मिले, इस बाबत् पहल करते ताकि सभी को समान अवसर मिल सकें।

मनु, जिन्होंने मनुस्मृति लिखी, उनका ही सबसे अधिक विरोध जाति व्यवस्था के पक्षधर करते हैं जबकि मनु ने तो कहा था कि जन्मना जायते शूद्रः कर्मणा द्विज उच्यते अर्थात् जन्म से तो सभी मनुष्य शूद्र ही पैदा होते हैं, कर्म एवं योग्यता के आधार पर वह द्विज(ब्राह्मण), वैश्य या क्षत्रिय बनता है और योग्यता के आधार पर ऐसे कई लोग राजा रहे हैं जो वर्तमान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग में आते हैं। यदि भूतकाल में ये जातियां उपेक्षित या पिछड़ी होती तो उन समुदायों के लोग राजा-महाराजा नहीं होते अर्थात् वे योग्यता के आधार पर राजा बने थे न कि आरक्षण के आधार पर। स्वयं श्री कृष्ण यदुवंशी थे, वे द्वारकाधीश भी थे और जिन्हें हम सभी लोग आराध्य मानकार पूजते हैं लेकिन आज यादव जाति अपने आपको पिछड़ी जाति कहती है।

यदि यह माना भी जाये कि पूर्व में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में शामिल जातियां विभिन्न कारणों से उपेक्षित रहीं और उन कारणों से सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछड़ी भी रहीं तो इसमें सामान्य वर्ग में शामिल जातियों का क्या दोष है क्या वर्तमान में जिन लोगों का जन्म ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य समुदाय में हुआ है उसके लिए वे दोषी हैं।

वर्तमान में जाति योग्यता पर हावी है, चुनाव में टिकट देना हो, मंत्री बनाना हो, मुख्यमंत्री बनाना हो, यही देखा जाता है कि कौन, किस जाति का है और उसकी जाति के कितने प्रतिशत वोट हैं। आज सवर्णों, ब्राह्मणों, वैश्यों के वोट तो किसी पार्टी को चाहिए ही नहीं होते, इसलिए उनके हितों की रक्षा की बात कोई पार्टी नहीं करती और फिर भी, वे चूंकि देश से प्रेम करते हैं, इसलिए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन बिना किसी सरकारी सुख-सुविधा के करते रहते हैं। आज सबसे ज्यादा आक्रमण अडाणी-अंबानी पर हो रहा है। हमें तो खुश होना चाहिए कि भारत के दो व्यक्ति वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाये हुए हैं और लाखों-करोड़ों लोगों को रोजगार मुहैया कराने का माध्यम बने हुए हैं और सरकार को करोड़ों का राजस्व दे रहे हैं जिसे सरकार इन जातियों के कल्याण पर खर्च करती है।

बड़ी विडम्बना यह भी है कि जब पूर्व में समाज को चार वर्णों में वगीर्कृत किया गया था तो इसके लिए मनु की आलोचना की जाती है और उनके समर्थकों को मुनवादी सोच की संज्ञा दी जाती है। लेकिन आज तो समाज को जातियों में बांटने की बात करना फैशन हो गया है और ऐसे में यदि कोई सामान्य, ब्राह्मण क्षत्रिय या वैश्य समाज के हित में आवाज उठाये तो उन्हें जातिवादी कहकर तिरस्कृत किया जाता है। वस्तुतः जातियां भी, वर्ण व्यवस्था से ही उपजी हैं क्योंकि जो समाज जिस काम को कर रहा था उनकी उत्पन्न होने वाली संतानें भी वही कार्य करने लगी अर्थात् जिसका जैसा कर्म और स्वभाव है, उसी के अनुसार उसका वर्ण निर्धारित होता है। यानी राजा का बेटा तभी राजा होगा, जब उसमें राजा के समान योग्यता होगी। आखिर ये सब कब तक चलेगा यदि 77 वर्षों में भी हम उन जातियों के सभी लोगों का उत्थान नहीं कर पाये, तो आखिर और कितने वर्ष उन लोगों को बराबरी पर लाने में लगेंगे और कहीं ऐसा न हो कि यह खाई और बढ़ती जाये। जिस प्रकार पहले उपेक्षा के कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में शामिल जातियां पिछड़ती गईं, वैसा विभाजन फिर से न हो जाये और जब डॉक्टर जाति देखकर इलाज नहीं करता तो जाति देखकर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन क्यों दिया जाता है। वर्तमान में जिस प्रकार सामान्य वर्ग के नागरिकों के साथ केवल जाति के आधार पर भेदभाव और उपेक्षा हो रही है, वह भी उचित नहीं है, वे भी इस देश के नागरिक हैं और उन्हें भी योग्यता के आधार पर समान अवसर उपलब्ध होने चाहिए।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र में से, शूद्र के बारे में यह माना जाता था कि वे सेवा कार्य में संलग्न रहते थे लेकिन यह जरूरी नहीं है कि शूद्र हमेशा ही शूद्र रहेगा और क्या सेवा करना कोई निम्न स्तर का कार्य है मचतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी सेवा का कार्य करता है तो वह ग़लत है। वस्तुतः सभी को अपनी योग्यता के अनुसार कार्य मिलता है। गीता में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति शूद्र वर्ण का होकर भी उच्च कार्य करता है तो उसका स्थान ब्राह्मण से ऊपर है। अर्थात् हमारी योग्यता, हमारा आचरण हमें महान बनाता है न कि हमारी जाति। गीता के 18वें अध्याय के 41वें श्लोक में यह भी लिखा है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के कर्म स्वभाव से उत्पन्न गुणों के अनुसार विभक्त किये गए हैं। अर्थात् जन्म से कोई शूद्र नहीं है, बल्कि हमारे गुणों के अनुसार यह निर्धारित होता है कि हमारी योग्यता क्या है। यदि ब्राह्मणों ने अध्ययन-अध्यापन न किया होता, क्षत्रियों ने देश की सुरक्षा न की होती और वैश्यों ने व्यवसाय कर राजस्व सरकार को नहीं दिया होता तो देश कैसे सुरक्षित रहता। इस प्रकार केवल वोट बैंक की राजनीति के आधार पर किसी की उपेक्षा या उनके साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए और समाज को जातियों में बांटकर योग्यता का अवमूल्यन न करते हुए, सभी इस देश के नागरिक हैं, सबको समान अवसर देते हुए, सभी के विकास के साथ देश के विकास में अग्रसर होकर अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए और केवल जाति के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक स्थिति के आधार पर व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने या बराबरी पर लाने का प्रयास होना चाहिए क्योंकि यदि सबसे ज्यादा कोई पीड़ित है तो वह गरीब व्यक्ति है, चाहे वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग या सवर्ण श्रेणी का ही क्यों न हो। वस्तुतः हमें व्यक्तियों के विकास के बारे में विचार करना चाहिए न कि जातियों के। क्योंकि जातियों में तो अमीर गरीब सभी होते हैं और यदि जाति के उत्थान की बात करेंगे तो केवल प्रभावशाली लोगों को हो उसका लाभ मिलेगा।

## आप की बात

### अपराजिता विधेयक

**पश्चिम बंगाल** में अपराजिता विधेयक विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। मेडिकल छात्रा के रेप व मर्डर के बाद पश्चिम बंगाल के साथ पूरे देश में उठे जान आक्रोश को देखते हुए ममता सरकार ने जल्दबाजी में यह कानून बना दिया। हमारे देश में रेप के लिए मृत्युदंड का कानून पहले से ही लगू है, जिसमें कई कड़े प्रावधान भी हैं। इसके बावजूद भी बलात्कार की घटनाओं में कोई कमी नहीं आई है। यह प्रशासन की कमजोरी है। अत: पश्चिम बंगाल के नए कानून से ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। कानून लगाने लागू करने वाली मशीनरी में सुधार करना सबसे जरूरी है। उसे सत्ताधीशों और बाहुबलियों के कब्जे से मुक्त करवाना होगा। इन दिनों देश में सर्वाधिक अपराध पश्चिम बंगाल में हो रहे हैं। गुंडा तत्वों के आगे पश्चिम बंगाल पुलिस बेबस खड़ी रहती है या उन्हें बचाने और प्रश्रय देने के काम में लग जाती है। हालिया कांड में भी नीचे से लेकर ऊपर तक मामले को दबाने, साक्ष्य मिटाने और इससे जुड़े बड़े लोगों को बचाने की भरसक कोशिश की गई। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मामला सीबीआई के हाथों में पहुंचा, लेकिन अभी अपराधियों को सजा मिलने का इंतजार है। पुलिस व अभियोजन में सुधार के साथ जिला न्यायपालिका को गतिशील बनाना जरूरी है।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### पढ़ाई व इलाज का खर्च

**वर्तमान** दौर में जनता के लिए अति आवश्यक दो मूलभूत सुविधाओं स्वास्थ और शिक्षा में महंगाई का विकराल रुप दिख रहा है। इस कारण मध्य और मजदूर वर्ग गरीबी से उबर नहीं पा रहा है। फीस की हर स्तर पर बढ़ोत्तरी तथा पेशेवर कोर्सों के लिए लाखों रुपयों की फीस आम की पहुंच से बाहर है। कठिनाई से दो जून की रोटी कैसे जुटाने वाले के लिए बच्चों की शिक्षा और दवा इलाज पर खर्च कल्पना से परे होता है। महानगरों में निजी अस्पतालों और दवाइयों के खर्च मध्य वर्गीय परिवार के लिए चुनौती बनकर उभर रहे हैं। हालांकि, सरकारी अस्पतालों की सुविधायें तेजी से बढ रही हैं, पर वहां भारी भीड़ तथा डाक्टरों की संख्या भीड़ को देखते हुए बहुत कम होने के कारण लोगों को मजबूरी में निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। निजी अस्पतालों में अनावश्यक जांचों और मानक-विहीन इलाज के कारण कई बार मरीजों के परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता है, पर इसके बावजूद उनको लाभ नहीं होता है। केन्द्र व राज्य सरकारों को शिक्षा और चिकित्सा को सस्ती और सुलभ बनाने के साथ इन क्षेत्रों में व्याप्त कुरीतियों, भ्रष्टाचार व मानक-विहीनता का मुकाबला करने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह

### बंदूक संस्कृति

**अमेरिका** में बंदूक से हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बंदूक से हमला वहां की संस्कृति एवं परंपरा का हिस्सा बन गया है। लगभग हर तीसरे दिन वहां इस तरह की वारदात होती रहती है। शायद इसी कारण अब वहां ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग भी कम हो गई है। दुनिया का सबसे ताकतवर मुल्क समझे जाने वाले अमेरिका में हर साल 10 हज़ार से अधिक मौतें बंदूक संस्कृति के कारण होती हैं। बड़े तो बड़े स्कूल के छोटे छोटे बच्चों द्वारा भी ऐसा अपराध रोजमर्रा की बात हो गई है। हाल ही में जॉर्जिया के अपालाची हाईस्कूल में हुई गोलीबारी की घटना में दो छात्रों व दो शिक्षकों की मौत हो गई तथा नौ लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने 14 वर्षीय छात्र कोल्ट ग्रे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा है की उस पर नाबालिग के बजाय बालिग की तरह मुकदमा चलाया जायेगा। लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। बंदूक संस्कृति के लिए वहां की दोनों पार्टियां रिपब्लिकन व डेमोक्रेट जिम्मेदार है। दोनों पार्टियों का हथियार व्यापारियों से मोटी रकम चंदे के रूप में मिलती है। विडंबना है कि वर्तमान राष्ट्रपति चुनाव में बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण ऐसा मुद्दा नहीं बना है जिससे अमेरिकी जनता समाधान की उम्मीद कर सके।

**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### विज्ञान धारा योजना

**सरकार** ने रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान धारा योजना को मंजूर कर उसके लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद से अब हर देश अपने विकास के लिए आधिकाधिक जतन करने में लगा है। चीन, अमेरिका, जापान जैसे देश रिसर्च में पर्याप्त धन लगाकर समय से पहले ही कई तरह की तकनीक का लाभ उठा लेते हैं। भारत तक आते-आते इन देशों में नई तकनीकें आ जाती है। विज्ञान धारा योजना लागू होने से देश के भीतर ही कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा से लेकर सभी क्षेत्रों में निरंतर अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। देश की बड़ी आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखकर समय रहते सभी आवश्यकताओं की पर्याप्त पूर्ति के लिए नए-नए अनुसंधान बहुत सहयोगी और कारगर सिद्ध होंगे। विशेष तौर से खाद्यान्न उत्पादन, स्वास्थ्य, शिक्षा और रक्षा क्षेत्र में हमें अत्याधुनिक तकनीकें तत्काल लागू करना जरूरी हो गया है। अनुसंधान को सभी क्षेत्रों में बढ़ावा देकर ही भारत तेजी से विकसित देश बनने की ओर आगे बढ़ सकता है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# रबी फसल का कराया बीमा, पटाया प्रीमियम भी, लेकिन चने के फसल नुकसान की बीमा कंपनी ने नही की भरपाई

## बीमा कंपनियों से अधिकारियों की साठगांठ का किसानों ने लगाया आरोप








पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम फागुनदाह के 400 से अधिक किसानों ने रबी सीजन में करीबन 1200 एकड़ में चने की फसल लगाई थी, जो कि अतिवृष्टि की वजह से लगाई गई चने की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई। जिसका किसानों को आज तलक बीमा कंपनी के द्वारा भरपाई नही की गई है। जिसक वजह से किसान काफी परेशान है। जबकि इन किसानो ने बकायदा प्रीमियम की राशि बीमा कंपनी को जमा की था। लेकिन आज तलक इनके फसल नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी द्वारा नही की गई हैं। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे है। जबकि किसानो ने फसल नुकसान के 72 घँटे के भीतर पटवारी के माध्यम से ऑनलाइन क्लेम कर दिया था। किसान अनिल साहू, आनंद हिरवानी, अरुण साहू, हेमंत साहू, भोप सिंह साहू, किशन साहू, कमल साहू, गिरीश हिरवानी, अरुण पटेल, हेमंत चौधरी, मधुसूदन चौधरी, निमेश साहू, वीरपाल चंद्राकर, नारायण चंद्राकर, देवेंद्र साहू और भोजेश साहू ने बताया कि किसानों ने रबी सीजन 2024 का बीमा एचडीएफसी प्राइवेट कंपनी के द्वारा किया गया था। बे-मौसम बरसात और बर्फबारी के कारण चना फसल चौपट हो गई थी। जिसकी शिकायत भी की गई थी। शिकायत के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी फागुनदाह के ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित होकर किसानों से बातचीत की। किसानों का आरोप है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने मात्र 2 मिनट ही किसानों से बात की, और 10 मिनट तक मोबाइल में व्यस्त रहें। लेकिन किसी भी पीड़ित किसानों के खेत में मौके पर उपस्थित होकर नुकसानी का आकलन नहीं किया और यहां की रिपोर्ट निरंक बताई गई। जिस कारण से किसी भी किसान को बीमा का लाभ नहीं मिला है। किसानों में आगे बताया कि जबकि ग्राम के लगभग शत प्रतिशत किसानों ने रबी सीजन के बीमा कराया हैं। वही किसानों ने आगे अधिकारियों की बीमा कंपनी से साठगांठ का आरोप लगाया है। उक्त किसानों का कहना है को बालोद जिले में बीमा प्रीमियम की राशि लगभग 11 करोड़ से अधिक जमा हुई हैं।

### 72 घँटे के भीतर किया था क्लेम

उल्लेखनीय हो कि जिले में 9 हजार 850 किसानों ने 10 हजार हेक्टेयर से अधिक फसल के लिए साढ़े 7 करोड़ प्रीमियम राशि बीमा कंपनी को जमा की थी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी सीजन में 9 हजार 850 किसानों ने पंजीयन कराया था। लेकिन इनमें से 24 सौ किसानों को ही 2 करोड़ 10 लाख रुपये का मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। विभाग द्वारा दावा किया जा रहा है कि क्लेम करने वाले अधिकांश किसानों को नियमानुसार राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन जब जमीनी हकीकत कुछ और ही हैं। ग्राम फागुनदाह के किसानों द्वारा 72 घँटे के भीतर क्लेम किया गया था, शिकायत पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी गांव भी पहुचे, लेकिन चार दीवारी यानि पंचायत भवन के भीतर ही किसानों से चर्चा कर वापस लौट गए। पीड़ित किसानों के खेतों तक जाना भी मुनासिब नही समझा। जिसका खामियाजा आज किसान भुगत रहे हैं।

### साढ़े 7 हजार किसानो को नही मिली राशि

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार रबी सीजन में 885 ऋणी और 8 हजार 965 अऋणी किसानो ने 10 हजार 15 हेक्टेयर में लगी फसल का बीमा कराने पंजीयन कराया था। कुल 7 करोड़ 6 लाख रुपये प्रीमियम राशि जमा हुआ था। लेकिन आंकड़ों की बात करें तो करीबन साढ़े 7 हजार किसानों को बीमा का एक भी पैसा नही मिल पाया हैं। इसे विभागीय उदासीनता कहें, या फिर बीमा कंपनियों की लापरवाही। बात चाहे जो हो लेकिन बकायदा प्रीमियम राशि कर फसल बीमा कराने वाले अन्नदाताओ को नुकसान की भरपाई नही हो पाई हैं। अतिवृष्टि की वजह से चने की फसल को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई आज तलक बीमा कंपनी द्वारा नही किया गया है, जो किसान घेंगरी को बिन रहे थे, उसे देखने के लिए जब अधिकारियों को बोला गया तो मौके पर तहसीलदार नही गए, कोई भी राजस्व विभाग का अधिकारी नही गया। अधिकारियो की लापरवाही की वजह से बीमा का कंपनी की राशि नही मिली है, जबकि सभी किसानों ने बीमा करवाया हैं।

'गांव वालों ने निर्णय लिया था कि रबी सीजन में धान की फसल न लेकर चने की फसल ली जाएगी, करीबन 1200 एकड़ में फसल ली गई थी, जिसमें शत प्रतिशत किसानों ने बीमा करवाया था, जब फसल पककर तैयार हो गई तो बेमौसम बारिश में 28मिमी की वर्षा हुई, जिससे फसल ली क्षति हुई, तहसीलदार आये थे, और इन्होंने ऑफस में बैठकर रिपोर्ट तैयार की है, एक भी किसानों के खेत मे नही गए। आज तक न आरबीसी 6/4 और न ही बीमा कंपनी से राशि प्राप्त हुई है। अधिकारी कर्मचारी बीमा कंपनी से मिलीभगत कर दलहन तिलहन की फसल को हतोत्साहित कर रहे है।

**अरुण कुमार साहू, किसान ग्राम फागुनदाह**

गांव के करीबन 400 किसान 1200 एकड़ में चना का फसल बोए थे, उस समय अतिवृष्टि कि वजह से चना के फसल को नुकसान हुआ, सभी किसानों ने बीमा करवाया था। बावजूद आज तलक मुआवजा की राशि किसानों को नही मिली हैं। पटवारी को पुछो तो ढंग से कोई जवाब नही देते। जिले के कई किसानों को बीमा की राशि आ चुकी है।

**गिरीश कुमार, किसान, ग्राम फागुनदाह**

फागुन माह में आसपास अतिवृष्टि होने से चने की फसल को नुकसान हुआ है। नुकसान की सूचना 72 घँटे में बीमा कंपनी को दी गई। जिसके बाद अधिकारी, पटवारी व ग्राम सेवक आये। मैं जब खेत में था, तो मुझे सूचना मिली कि अधिकारी फसल नुकसान का निरीक्षण करने आएंगे। लेकिन डेढ़ घण्टा समय बीत जाने के बाद भी कोई नही आया। पंचायत भवन ही बैठकर रिपोर्ट तैयार कर ली गई,।

**हेमंत कुमार चौधरी, किसान, ग्राम फागुनदाह**

किसानों ने रबी फसल बीमा करवाया है या नही ये देखना पड़ेगा, अभी नही बता पाऊंगा, जांच करवा लेता हूं।

**जीएस ध्रवे, डीडीए, कृषि विभाग**

एक दिन नुकसान की जानकारी लेने गांव गए थे, उस समय कृषि विभाग के भी लोग थे, मुझे फाइल देखना पड़ेगा, और कृषि विभाग से पूछना पड़ेगा, की कितने का क्लेम स्वीकृत हुआ है, या नही। तभी पता चल पाएगा।

**रमेश मंडावी, नायब तहसीलदार, गुरुर**

# सहयोग संस्था के सदस्यों ने की नेत्र दान करने की घोषणा



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सहयोग संस्था बेमेतरा जो जल जंगल जमीन के संरक्षण और स्वच्छता पर प्रतिदिन एक घंटा अपना अभियान चलाती है ने आज जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन के सहयोग और मार्गदर्शन और नेत्र चिकित्सक डॉ विजय देवांगन के उपस्थिति में 06 सितंबर को जिला चिकित्सालय परिसर में सहयोग संस्था के सदस्यों ने नेत्रदान का घोषणा पत्र भरकर मरणोपरांत नेत्रदान की घोषणा की। जिला चिकित्सालय में अभी 25 अगस्त से 08 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा चल रहा है इसी के तहत डॉ चुरेन्द्र जी जो सहयोग के प्रातः के 01 घंटे के अभियान के सदस्य भी है ने सहयोग के सदस्यों को जानकारी दी कि हर एक स्वस्थ मनुष्य को नेत्रदान करना चाहिए और संस्था के सदस्यों को भी ये पुनीत कार्य करना चाहिए। सहयोग के साथियों ने डा के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुऐ आज प्रातः के अभियान में जिला चिकित्सालय बेमेतरा में नेत्रदान के घोषणा पत्र को भर कर मरणोपरांत नेत्रदान की सपथ ली, डॉ विजय देवांगन ने नेत्रदान की तमाम भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि नेत्रदान करने से कोई अगले जन्म में अंधा जन्म नही लेता बल्कि नेत्र दान से दो लोगो को रोशनी दे जाता है। आज नेत्रदान की घोषणा करने वालो में प्रमुख रूप से शशि सचदेवा, गेंद लाल साहू , कमलेश साहू , सुधीर लाखोटियाँ , संतोष विश्वकर्मा , संजय दुबे , नलेश्वर साहू , गिरीश मिश्रा , हसन कादरी , राघवेंद्र सिंहा , सन्तोष चांडक , डॉ लालाराम साहू, संतोष चौहान, रामा मोटवानी, सुशील शर्मा , जीवन शर्मा , संजय भूतड़ा , नरेश साहू , रमन काबरा आदि थे।सहयोग ने लोगो से रक्तदान और नेत्रदान करने की अपील की है

# टी ज्योति पार्षद द्वारा शिक्षक भीम कुमार सोनकर का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे इंस्टिट्यूट में बच्चों को शिक्षक भीम कुमार सोनकर द्वारा रेलवे, पटवारी, पुलिस, इंडियन आर्मी, सहायक ग्रेड3, हॉस्टल अधीक्षक सभी प्रकार के सरकारी नौकरियों का पढ़ाई कराते आ रहे हैं इन 10 वर्षो में 1000 बच्चों को शिक्षा प्रदान करते आ रहे है। जिसमे 156 बच्चे सरकारी नौकरी में लग चुके है। इसलिए शिक्षक दिवस के अवसर पर भीम कुमार सोनकर का टी.ज्योति पार्षद द्वारा शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया व उनके छात्र द्वारा केक काटकर,मिठाई बांटकर शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमे विजेता दुबे, हेमलाल गायकवाड़, राहुल राणा, संध्या, सरगम, अंजू, तुलसी, पंचमणि, निशा, कोमिन ठाकुर, वंदना, रीतू साहू, नीलकमल, हेमंत, सोमन, मनीष, शिव, सचिन , वीणा ठाकुर, भूपेश भुआर्य, खुशबू निषाद, शिखा वर्मा , बसंत इन सभी के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। भीम कुमार सोनकर शिक्षक द्वारा कहा गया की मेरे द्वारा पढ़ाने में पूरी तरह जानकारी दिया जाता है और कंपीटीशन परीक्षा की तैयारी करवाया जाता है इसके लिए छात्रों को भी पूरी लगन से पढाई करने की आवश्यकता है और सभी छात्र छात्राओं को सरकारी नौकरी लगने की कामना करता हुं। टी ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि छात्र बारहवीं कक्षा तक शाला में शिक्षा ग्रहण करता है फिर वह अपना कैरियर बनाने के लिए रास्ता चुनता है दल्लीराजहरा में भीम कुमार सोनकर शिक्षक द्वारा सरकारी नौकरी के लिए तैयारी करवाना बहुत ही सराहनीय कार्य है जिससे हमारे दल्लीराजहरा व आसपास के छात्र के लिए सुनहरा अवसर है अपना कैरियर बनाने के लिए, रेलवे इंस्टिट्यूट में 10 वर्षो से सरकारी नौकरियों का तैयारी करने के लिए व 156 लोगो को सरकारी नौकरी में लगने में भीम कुमार सोनकर का काफी योगदान है, क्योंकि पहले कोचिंग करने के लिए दल्लीराजहरा नगर से घर परिवार से दूर रहकर शिक्षा लिया जाता था।

# कांदावानी में जनमन योजना से बन रहे आवास , बैगा समुदाय में खुशी की लहर








पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विकासखंड के बीहड़ वनांचल ग्राम पंचायत कांदावानी में आवास निर्माण करना शासन प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती था क्योंकि पूर्व में बहुत से लोगो ने आवास निर्माण करने के लिए हितग्राहियों को ठग कर राशि लेकर गायब हो जाते थे लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास को सरपंच सचिव और रोजगार सहायक ने व्यक्ति गत रुचि लेकर हितग्राहियों का सहयोग कर रहे हैं जिसके चलते जनजाति समुदाय के लोगो का पक्का मकान बन रहा है। प्रधानमंत्री ने जनजाति समुदाय के लोगो को जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के पीवीटीजी परिवारों को आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस प्रकार पीएम जनमन आवास योजना लाभार्थियों के जीवन में न केवल सुधार ला रहा है, बल्कि पक्के मकान के सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की एक नई दिशा मिल रही है, जिससे समाज के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग को ऊपर लाने का काम किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर एक पक्का छत हो और उसका जीवन सुकून से भरा हो, यही पीएम जनमन आवास योजना का उद्देश्य है। योजना अंतर्गत पीवीटीजी परिवारों के लिए स्वीकृत किया जा चुका है। परिवारों के लिए आवास बनाने के लिए किश्त की राशि भी जारी की जा रही है। जिससे मकान बनाने का कार्य तेजी से जारी है। फलस्वरूप आवास का कार्य समय अवधि में पूर्ण हो रहे है। साथ ही हितग्राहियों को घर निर्माण अवधि में मनरेगा के माध्यम से दैनिक रोजी पाने की भी सुविधा मिल रही है। इसके अलावा आवास के साथ नल जल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने की भी सुविधा मिल रही है।

पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत पक्के मकान की सुविधा पाने वाले हितग्राहियों ने बताया कि हम बेहद खुश हैं।

कांदावानी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम वाहपानी में जनमन योजना अंतर्गत आवास हितग्राही सुख सिंह ने बताया कि पहले हमारा परिवार झोपड़ी में रहता था जिससे हमारे मन में हमेशा जहरीली कीड़े मकोड़े के काटने का डर बना हुआ रहता था लेकिन आवास आने से हमारा परिवार बेहद खुश हैं। पैसा मेरे बैक खाता में आता है जिसे निकालने के लिए कुई कुकदुर जाना पड़ता है और मकान निर्माण की सामग्री भी वही से खरीद कर लाते है। समान खरीदी करने में सचिव और रोजगार सहायक भरपूर सहयोग करते है।

मौजीराम बैगा ने बताया कि जनमन योजना अन्तर्गत आवास स्वीकृत हुआ और उसे बनाने में हमारा पूरा परिवार लगा हुआ है। यदि सरकार हमे पक्का मकान बनाने में मदद नही करते तो हम कच्ची मकान में ही रहना पड़ता है । हमारा आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है जिसके चलते दुकानदार उधारी में मकान बनाने के लिए समान नही दे रहा था तो सरपंच सचिव और रोजगार सहायक ने समान दिलवाकर सहयोग किया है ।

ग्राम पंचायत कांदावानी के पारा टोला भलिनदादर निवासी दुखू राम ने बताया कि मेरा परिवार की स्थिति काफी कमजोर था और हमारे द्वारा सौर ऊर्जा के लिए बने सरकारी भवन के दीवार से परछी बनाकर रहते थे जहां पर साप,बिच्छू सहित अन्य जहरीली जीव जंतु का डर बना रहता था लेकिन आवास आ जाने के कारण मेरा खुद का पक्का मकान बनाने का सपना साकार होते दिख रहा है अभी तक मुझे केवल दो किस्त की राशि मिल चुका है और तीसरी किस्त भी बहुत जल्द मिलने की संभावना है ।

मानसिंह बैगा ने बताया कि हमारे गांव में पक्का मकान बनाने के लिए पानी की बहुत ही दिक्कत है जिसके कारण गर्मी के दिनों में मकान बनाने में भारी परेशानी होता था जिसे देखते हुए सरपंच सचिव और रोजगार सहायक ने पानी का टैंकर से पानी की आपूर्ति नियमित रूप से किया है । मैं स्वयं मकान बनाने में मिस्त्री का कार्य करता हूं जिसके कारण मैं शासन से स्वीकृत राशि से भी बड़ा घर बना रहा हूं। यदि सरकार ने आवास के लिए राशि नही देते तो शायद पक्का मकान का सपना सपना ही रह जाता।

# गांधी विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया





पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 14 स्थित गांधी विद्या मंदिर में सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया , जहां मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर उपस्थित थे , कार्यक्रम की अध्यक्षता युवराज साहू के द्वारा किया गया एवं विशेष अतिथि के रूप में रेखू राम साहू , पार्षद चंद्र प्रकाश सिन्हा , वीरेंद्र भारद्वाज तथा समस्त शिक्षकगण व छात्रगण सम्मिलित हुए , जहां आयोजन में शिक्षकों हेतु विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन पर प्रकाश डालते हुए , उनकी मार्ग पर चलने की एवं शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का कलेक्टर ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के तत्वावधान में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के अंतर्गत नगर के अकादमिक वर्ल्ड स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे उपस्थित थे। जिला स्तर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें ज्ञानदीप पुरस्कार के रूप में दोनों वर्ष के तीन-तीन शिक्षकों का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र के अलावा 7000 की राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शिक्षा दूत के रूप में दोनों वर्ष 12-12 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिन्हें बहुत सुंदर प्रशस्ति पत्र के अलावा प्रत्येक को ?5000 की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा जिले में संकुल समन्वयकों के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकासखंड के एक-एक संकुल समन्वयक को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। जिनमें बेमेतरा विकासखंड से बटार के संकुल समन्वयक सोनलाल चंद्राकर बेरला विकासखंड से देवरी के संकुल समन्वयक ओम प्रकाश साहू, नवागढ़ विकासखंड से गाड़ामोर के संकुल समन्वयक भागीरथी वर्मा और साजा विकासखंड के डंगनिया के संकुल समन्वयक राजू पटेल शामिल है। इसके अलावा जिले में क्रीड़ा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले और बच्चों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में आगे बढ़ाने वाले व्यायाम निर्देशकों को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दाढ़ी की सुनीता साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी के भूपेंद्र वैष्णव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ीकला के देवेंद्र देवांगन



तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेचानमेटा के नोकेश्वर वर्मा शामिल है। इसके अलावा जिले के शासकीय विद्यालयों में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट लाने के लिए तीन हाईस्कूल के प्राचार्य को भी सम्मानित किया गया। जिनमें नंदे राम बांधेकर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल अर्जुनी, श्याम कुमार तिवारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मलदा और विशाल सिंह धुर्वे प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल घिवरी शामिल है। इसी तरह जिले के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले हायर सेकेंडरी के तीन प्राचार्य को भी सम्मानित किया गया। जिनमें बारहवीं की परीक्षा में 100% परिणाम देने वाले शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी के प्राचार्य बांके बिहारी गुप्ता, शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शिवलाल राठी बेमेतरा की प्राचार्य सुदेशा चटर्जी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव कला के प्राचार्य अश्वनी कुमार गायकवाड़ को भी प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ने सम्मानित किया। शिक्षकों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि आप सभी को श्रेष्ठ शिक्षक बनना है पर यह श्रेष्ठता आती कैसे हैं कुछ लोग कहते हैं कि श्रेष्ठता जन्म से आती है कुछ लोगों का कहना है कि श्रेष्ठता ट्रेनिंग से आती है मगर सच तो यह है कि श्रेष्ठता अभ्यास करने से आती है। इस संबंध में कलेक्टर महोदय ने एक बहुत बढ़िया कहानी भी सुनाया। एक गांव में एक श्रेष्ठ धनुर्धर रहता था। वह गांव में जाते और अपने धनुष में बाण चढ़ाते और निशान लगाते। उनका निशाना कभी भी नहीं चूकता था। सही निशाने पर ही लगता था। सब उसकी तारीफ करते, खूब ताली बजाते, सब उसकी प्रशंसा करने लगते। लेकिन उन्हीं के बीच में एक ऐसा व्यक्ति भी था। जो तेल का व्यापार करता था। उनसे पूछा गया कि भाई सब ताली बजा रहे हैं आपने क्यों ताली नहीं बजाया। आपने क्यों प्रशंसा नहीं किया। उनको बहुत गुस्सा आया तो उस आदमी ने जवाब दिया यह सब तो अभ्यास का खेल है। फिर वह गांव के दूसरे कोने में गया। वहां पर भी उन्होंने धनुष में तीर लगाया और छोड़ा। यहां पर भी उसका निशाना सटीक रहा। लोगों ने खूब प्रशंसा की। तालियां बजाई लेकिन फिर उस आदमी ने कहा यह तो अभ्यास का खेल है। तो धनुर्धर ने कहा यह सब अभ्यास का नहीं, यह मेरी कला है मेरी योग्यता है। फिर वह धनुर्धर दूसरे गांव गया। दूसरे गांव में भी उन्होंने अपनी धनुर्विद्या का प्रदर्शन किया। गांव वाले बोले की पेड़ पर एक चिड़िया बैठी है उसकी आंख पर निशाना लगाइए। उन्होंने धनुष में तीर लगाकर उसे छोड़ा। निशाना सटीक बैठा। तीर चिड़िया की आंखों में जाकर लगा। लोग खूब प्रशंसा किए, ताली बजाये। वह आदमी बोला इसमें कोई कला नहीं है, कोई योग्यता नहीं है, यह तो अभ्यास का खेल है। धनुर्धर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा या तो आप इसे साबित करो या फिर आपको मैं जान से मार डालूंगा। उन्होंने कहा ठीक है अभी मैं इसे साबित कर रहा हूं उन्होंने अपने पास से कुछ बोतल निकाल कर नीचे रखे और कावड़ में रखें हुए तेल के डिब्बे को उन्होंने अपने कंधे में रखा और नीचे रखें हुए बोतल में तेल को डालने लगा। कुछ ही सेकंड में सारे बोतल भर गए। लेकिन तेल की एक बूंद भी जमीन पर गिरने नहीं दिया। अब उन्होंने धनुर्धर से कहा कि इसी कार्य को अब आप करके दिखाइए। धनुर्धर से कुछ बोलते नहीं बना, बेचारा हार मान ली। जीवन में जो कुछ भी हम कार्य करते हैं, वह सब अभ्यास का ही खेल है। हमारे अंदर कुछ भी नहीं है। अगर हम जीवन में अभ्यास करते हैं तो हम उनमें सफल होते हैं और श्रेष्ठ बन जाते हैं मेरा कहने का भाव यही है कि श्रेष्ठता हम अभ्यास से ही प्राप्त कर सकते हैं। जितने लोग यहां पर बैठे हुए हैं हम सब बराबर हैं किसी के पास कोई विशेष योग्यता नहीं है। सब अभ्यास का ही खेल है परिश्रम है मेहनत है लगन है। मेरा आप सबसे यही आग्रह है कि आप सभी शिक्षक हैं और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है बच्चा कच्ची मिट्टी के समान होता है उसे हम सब लोग सांचे में ढालते हैं। तो आप सब शिक्षकों का यह दायित्व है कि आप अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें और आने वाले वर्षों में परीक्षा परिणाम को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। अंत में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल एवं यशस्वी जीवन की कामना व्यक्त की। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि जिस प्रकार कुम्हार कच्चे मिट्टी को एक सुंदर मूर्ति का रूप देते है उसी प्रकार आप बच्चे को गढ़ते है एक आकार देते है तब कहीं जाकर वह एक अच्छा इंसान बनता है। इसीलिए शिक्षक एक अच्छा मूर्तिकार है आपकी बनाई हुई अच्छी मूर्ति हर जगह प्रशंसा प्राप्त करती है। अच्छी मूर्ति की सभी तारीफकरते हैं कि कितना सुंदर बनाया है। कार्यक्रम का संचालन सेजेस के व्याख्याता सुनील झा ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने किया। इस अवसर पर सहायक संचालक एस पी कोशले, बेमेतरा विकासखंड के बीईओ अरुण खरे, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, बेरला विकासखंड के बीईओ जयप्रकाश करमाकर तथा बीआरसी खोमलाल साहू, साजा विकासखंड के बीईओ निलेश चंद्रवंशी तथा बीआरसी बी डी बघेल, नवागढ़ विकासखंड के बीईओ लोकनाथ बांधे तथा बीआरसी जगजीवन साहू डीएमसी नरेंद्र वर्मा, एपीसी भूपेंद्र साहू, धनंजय शर्मा डाइट के व्याख्याता अनिल कुमार सोनी, राजकुमार वर्मा, थलज कुमार साहू, जी एल खुटियारे, कीर्ति घृतलहरे सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य कविता बाजपेयी, शिक्षिका गोपेश्वरी साहू, सावित्री साहू, विधि शर्मा, कांति नागे, कीर्तन साहू, साधना साहू, बिसेन सिंह राजपूत सहित बहुत अधिक संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# बच्चों को जीवन में आगे बढानें और सही राह दिखाने में शिक्षकों का होता है महत्वपूर्ण योगदान: प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

- मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 2024 का हुआ आयोजन शक्ति मे
- गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता- सांसद श्रीमती कमलेश जागड

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com




शिक्षक दिवस के अवसर पर आज महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री और सक्ती जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य और सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जागड़े की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 2024 का आयोजन हटरी धर्मशाला सक्ती में किया गया द्य इस अवसर पर जिले में सेवानिवृत्त शिक्षकों, शतप्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम दिलाने वाले प्राचार्यों तथा जिले में शिक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न शिक्षकों को बेहतर कार्य करने के लिए शिक्षादूत पुरुस्कार और ज्ञानदीप पुरुस्कार से प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद कमलेश जागड़े, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा साल, श्रीफल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी द्य प्रभारी मंत्री ने कहा कि बच्चों को जीवन में आगे बढानें और सही राह दिखाने में शिक्षकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है द्य उन्होंने कहा कि शिक्षक ही वे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सही दिशा दिखाते हैं और हमारे ज्ञान को बढ़ाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि जो शिक्षक छात्र-छात्राओं को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने का काम करते है द्य ऐसे शिक्षकों सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान प्रदान किया जाता है द्य उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छे शिक्षक के रूप में आप सभी अपनी एक अलग पहेचान बनाये द्य उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छा ज्ञान देंगे तो एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यार्थी किसी अच्छे मुकाम पर अपने शिक्षक के बदौलत ही पहुँच पाते है। इसलिए शिक्षकों का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी क्रम में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जागड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता। एक शिक्षक के पढ़ाने के बाद ही कोई विद्यार्थी ही कलेक्टर, एसपी, मंत्री, सांसद, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, बिजनेसमैन सहित अन्य मुकाम पर पहुँचता है।

उन्होंने सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा, जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल सहित कृष्ण कांत चंद्रा, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा, अमर सिंह राज, वरिष्ठ पत्रकार धनेश्वर साहू सहित विभिन्न जनप्रतिधि, अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाए, सेवानिवृत्त शिक्षक, मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# आज विराजेंगे विघ्नहर्ता अनेक स्वरूपों में कही शंख तो कही कमल

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com



गणेश चतुर्थी को लेकर मूर्तिकारो ने अपना अंतिम रूप दे दिए । जहां पर गणेश की मूर्ति को विविध रूपों में दिखाई पड़े जिसमे की अर्ध शंकरपार्वती के साथ गणेश,मूषक कमल ,हाथी, हंस बैल ,मोर ईत्यादि रूपों में गणेश की प्रतिमा को सुशोभित करते हुए मूर्तिकार दिखाई पड़े वहीं पर मूर्ति ले जाने वाले श्रद्धालु भी अपने-अपने मन पसंद के अनुसार मूर्ति को स्थापित करने के लिए ले रहे है।आज गणेश चतुर्थी है विघ्नहर्ता अपने स्थान पर विराजमान होंगे ।पंडाल को भी सजाने का काम किया गया है। सजावट की दुकान भी मूर्ति बेचने वाले कुम्हार के घर के पास लगे हुए हैं ताकि आसानी से सजावट का सामान मूर्ति खरीदने वाले को मिल सके और उचित दाम में समान को बेच सके । गणेश पूजा की धूम आज से पूरे भारत देश में गूंज रहा है । इसी कड़ी को लेकर आज सभी श्रद्धालु बड़े हर्ष के साथ दिखाई पड़ रहे हैं और गली-गली गणेश के प्रतिमा स्थापित की जा रही हैं इस प्रकार से मूर्ति कारों के द्वारा अनेकों प्रकार की मूर्तियां बनाई गई है।गणेश प्रतिमा की अंतिम स्वरूप को कलाकार प्रदर्शित करने में रात दिन मेहनत किया ताकि गणेश के प्रतिमा अच्छे एवं सुंदर ढंग से लोगों को आकर्षित लगे । भारत देश का पहला पूजा गणेश से प्रभ होने के बाद अनेकों देवि देवता मूर्तियां की पूजा का सिलसिला जारी हो जाएगा।

## प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल ने ली महिला विंग शक्ति जिले की बैठक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर ने 5 सितंबर 2024 को अपने शक्ति प्रवास के दौरान महिला विंग शक्ति जिले के सदस्यों की बैठक ली, इस दौरान महिला विंग छत्तीसगढ़ की नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रीना नरेश गेवाडीन भी मौजूद थी प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा 11 एवं 12 जनवरी 2025 को तेरहवें एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है,जिसके लिए अधिक से अधिक अग्रवाल समाज के बंधुओ तक इसका प्रचार प्रसार करें एवं ऑनलाइन बॉयोडाटा सबमिट करवाये, इस दौरान प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल ने प्रदेश महामंत्री महिला विंग रीना नरेश गेवाडीन एवं शक्ति जिले की नवनियुक्त अध्यक्ष रितु पवन अग्रवाल को भी उनका नियुक्ति पत्र सौपा तथा इस दौरान काफी संख्या में महिला सदस्य मौजूद रहे तथा इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश प्रमुख सलाहकार अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार भी मौजूद थे।

# जुआ खेलने वाले चार आरोपियों को पकड़ने में नवागढ़ पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



जुआ खेलने वाले चार आरोपियों को पकड़ने में नवागढ़ पुलिस को मिली सफलता। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन जिले में जुआ, सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस को मुखबीर सुचना मिला की दिनांक 05.09.2024 को थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम खैरताल में कुछ लोग रूपयें पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहें है कि सूचना प्राप्त होने पर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर आरोपीयान 01. ओम प्रकाश बंजारे पिता पुनीराम बंजारे 02. ट्रिको कुर्रे पिता पिताम्बर कुर्रे 03. रविन्द्र कुमार रत्नाकर पिता बद्री प्रसाद 04. दिलहरण खाण्डेकर पिता खोलबहरा सभी निवासी खैरताल थाना नवागढ़ को जुआ खेलते पकड़ा जिसके कब्जे से जुमला 4860/ रूपये, 52 पत्ती तास बरामद किया गया। आरोपीयो का कृत्य धारा 3 (2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रआर स्वाती गिरोलकर, आर. जनक राम कश्यप, टुकेश्वर डडसेना, बलराम यादव एवं थाना नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यो के लिए शिक्षक गुलजार बरेठ को कलेक्टर से मिला शिक्षा रत्न सम्मान

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



जिले के बम्हनीडीह विकासखंड के शिक्षक गुलजार बरेठ को आकाश छिकारा कलेक्टर, दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहायक कलेक्टर, डीईओ अश्विनी भारद्वाज , डीएमसी राजकुमार तिवारी के हाथो शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे बेहतर गतिविधि और शिक्षा में नवाचार के लिए दिया गया। शिक्षक गुलजार बरेठ पिछ्ले बीस सालों से लगातार उत्कृष्ट अध्यापन कार्य करा रहे है। इसके साथ ही विनोबा एप में बेहतर गतिविधि के लिए जुलाई माह में पोस्ट ऑफमंथ के विजेता चुने गए थे जिसमे वे पूरे जांजगीर चांपा में प्रथम स्थान पर रहे थे। इसके लिए भी उन्हें अलग से सम्मानित किया गया। आपको बता दे कि जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार काम कर रहे है साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको को सम्मानित करने में भी पीछे नहीं रहते। आने वाले दिनों में इसका बेहतर परिणाम जरूर दिखेगा। शिक्षक गुलजार बरेठ को शिक्षा रत्न पुरस्कार मिलने पर बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान, बीआरसी हिरेंद्र बेहार, रत्ना थवाईत एबीईओ, हरिराम जायसवाल, दिनेश सोनवान, हेमा शर्मा समग्र शिक्षा जांजगीर, संकुल प्राचार्य बजरंग श्रीवास, दुष्यंत राज, शाला के प्रधान पाठक रामकुमार केवट, शिक्षक धन्यकुमार पाण्डेय, गोपेश साहू, प्रदुम्न शर्मा डाइट जांजगीर, सनत रजक, बाबूलाल बरेठ, सुरेश कुमार, सरधाराम डडसेना सरपंच सेवती राजेंद्र राज, फिरत साहू, अशोक साहू आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# पहली बार सक्ती में प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में हुआ शिक्षक दिवस पर अलंकरण समारोह

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शिक्षक दिवस के अवसर पर आज महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री और सक्ती जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य और सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जागड़े की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 2024 का आयोजन हटरी धर्मशाला सक्ती में किया गया द्य इस अवसर पर जिले में सेवानिवृत्त शिक्षकों, शतप्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम दिलाने वाले प्राचार्यों तथा जिले में शिक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न शिक्षकों को बेहतर कार्य करने के लिए शिक्षादूत पुरुस्कार और ज्ञानदीप पुरुस्कार से प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद कमलेश जागड़े, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा साल, श्रीफल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया,मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी द्य प्रभारी मंत्री ने कहा कि बच्चों को जीवन में आगे बढानें और सही राह दिखाने में शिक्षकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है द्य उन्होंने कहा कि शिक्षक ही वे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सही दिशा दिखाते हैं ।

# सक्ती में प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा सार्वजनिक कथा का हो रहा आयोजन



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर की हटरी धर्मशाला में 5 सितंबर से धर्म प्रेमियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ किया गया, इस अवसर पर जहां पूजा- अर्चना के साथ यह श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई तो वहीं व्यास पीठ पर विद्वान पंडित मुकेश शास्त्री जी अपनी अमृतमय वाणी से कथा का रसपान करा रहे हैं, प्रथम दिवस जहां काफी संख्या में श्रद्धालु धर्म प्रेमी माताएं, बहने एवं नागरिकों ने इस कथा का श्रवण किया तो वहीं पंडित जी श्रीमद् भागवत कथा के प्रत्येक प्रसंग पर विस्तार पूर्वक कथा रसपान करा रहे है,वहीं इस पूरे आयोजन को शक्ति शहर के धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा करवाया जा रहा है,तथा प्रतिदिन प्रसाद का विवरण होगा एवं विभिन्न प्रसंगों पर झांकियां भी निकली जाएगी, आयोजक धर्म प्रेमियों ने सभी श्रद्धालु भक्त जनों को सह परिवार इस श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य का भागी बने का आग्रह किया है।

# लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ हर्षोल्लास से




पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के स्टेशन रोड में हृदय स्थल पर स्थित स्थानीय विद्यालय लिटिल फ्लॉवर में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक टी.पी उपाध्याय एवं मोहम्मद अनीस के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,डायरेक्टर मोहम्मद अनीस शेख ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि हमे हमेशा गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। डायरेक्टर टी. पी . उपाध्याय ने बच्चों को टीचर्स डे मनाने का कारण बताते हुए कहा कि हमारे देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं।

वे एक शिक्षाविद थे तथा बच्चों से प्रेम करते थे उन्होंने ने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने को कहा। तब से हम उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं, प्रिंसिपल संध्या सोनी ने छात्र के जीवन मे शिक्षक के महत्व को बताते कहा कि शिक्षक हमे सही रास्ता बताता है, दिव्या सिंह ने शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए चेयर रेस, अंताक्षरी, क्विज आदि खेल का आयोजन विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उनके लिए स्वल्पाहार का आयोजन किया एवं आकर्षक उपहार प्रदान आकर्षक उपहार भेंट की, तथा लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित इस शिक्षक सम्मान समारोह में जहां विद्यालय के टीचर्स ने भी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तो वहीं टीचर्स एवं विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता का भाव देखा गया

# विद्यार्थी परिषद सत्र 2024- 25 के पदाधिकारीयो को संस्कार पब्लिक स्कूल ने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में विद्यार्थी परिषद का समारोह आयोजित किया गया, 2024 -25 सत्र के लिए छात्रों को शपथ दिलाया गया,जिला सक्ति के हरेठी स्थित सी.बी.एस.ई बोर्ड और पूर्णतः अंग्रेज़ी माध्यम वाले संस्कार पब्लिक स्कूल में 3 सितंबर 2024 को विद्यार्थी परिषद का समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास करना तथा विविध क्षेत्रों के क्रियाकलाप के प्रति समझ और नेतृत्व गुण से संपन्न करना था,इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोहन लाल नापित (प्राचार्य, संस्कार सेंट्रल पब्लिक स्कूल,जैजैपुर), संस्था प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान, उप प्राचार्य देवेन्द्र साहू, संस्कार सेंट्रल पब्लिक स्कूल जैजैपुर, प्रधानाध्यापिका रूपल उपाध्याय, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति व शिक्षिका दीक्षा कौशिक, संस्कार सेंट्रल पब्लिक स्कूल, जैजैपुर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। संस्कार परिवार सक्ति के शैक्षणिक कर्मचारियों और प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि व विशेष अतिथियों का गुलदस्ता प्रदान करने के साथ बैज लगाकर स्वागत किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. हरेन्द्र पाल सिंह चौहान ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि - अतिथि देवरूप होते हैं और आप सभी के अमूल्य और ज्ञानवर्धक बातों से हमारे विद्यार्थी नवीन ज्ञान के अधिगम के साथ संस्कार की शिक्षा प्राप्त करेंगे । संगीत शिक्षक कोटेश्वर नाथ साहू के नेतृत्व में स्कूल के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था के छात्रों के साथ संस्कार सेंट्रल पब्लिक स्कूल जैजैपुर के विद्यार्थी भी उपस्थित थे । गौरतलब हो कि इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व कनिष्ठ छात्र परिषद के विविध पदों पर आसीन छात्रों को फीता पहनाकर सम्मानित किया गया,मुख्य अतिथि सोहन लाल नापित द्वारा वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्र परिषद के पदाधिकारी छात्रों को कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी बरतने हेतु शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण करने वाले छात्रों में वरिष्ठ छात्र परिषद के छात्र शामिल थे जिसके नाम पदानुसार क्रमशः इस प्रकार हैं -हेड गर्ल शोभा देवांगन व हेड बॉय भावेश चौबे, सांस्कृतिक सचिव खुशबू कर्ष, खेल कैप्टन पृथ्वी सिंह, अनुशासन नायक रक्षा बरेठ, कोषाध्यक्ष आदित्य खूंटे, जनसंपर्क अधिकारी आयुषी कंवर, ध्यानचंद हाउस कैप्टन अनुपमा साहू, कपिल हाउस कैप्टन कावेरी भारती, निरज हाउस कैप्टन पुर्णिमा पटेल व मिल्खा हाउस के कैप्टन रितु तंबोली के नाम शामिल है।

## विभिन्न विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली

# सक्ती जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी विभागो के अधिकारियो की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जिले में कार्यरत सभी विभागो के अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओ का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन करते हुवे आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को समाज को बेहतर और सुदृण बनाने की दिशा में जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सक्ती जिले के सभी विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के साथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही इस अवसर पर प्रभारी मंत्री, सांसद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियो द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर पर बादाम का पौधा भी लगाया गया। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो, डीएफओ प्रियंका पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, जिला पंचायत परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, कृष्णकांत चंद्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी से पूरक पोषण आहार, गर्भवती महिलाओ की संख्या, पोषण पुनर्वास केंद्र, दिशा भ्रमण कार्यक्रम, मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृधि योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना सहित अन्य विभिन्न विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने महतारी वंदन योजना के लक्ष्य और उसके विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने महतारी वंदन योजना अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा महिलाओं का फॉर्म भरवाकर उन्हें लाभान्वित कराए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक द्वारा खरीफवर्ष 2024 के लिए बीज उपलब्धता, भंडारण और वितरण की जानकारी, रासायनिक उर्वरक भंडारण और वितरण की जानकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रगति की स्थिति, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग, ई केवायसी, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, आत्मा योजना सहित कृषि विभाग अंतर्गत संचालित अन्य विभिन्न केंद्र और राज्य पोषित योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। जिस पर प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग के उपसंचालक को किसानों को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने कहा। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंडवार सीएचसी, पीएचसी, एमसीएच, शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए किया जा रहे उपायों सहित अन्य विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में 7 सितंबर को होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला सक्ति में व्यापम द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए प्रशिक्षण दिनांक 7 सितंबर 2024 को होंगा,छत्तीसगढ़ व्यापम और जिला कलेक्टर सक्ति के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी व्यापम,जिला समन्वयक केंद्र शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए जिला के समस्त परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक के लिए व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिनांक 7 सितंबर 2024 शनिवार को प्रातः 11 बजे से कार्यालय जिला कलेक्टर के सभागार में आयोजित किया गया है. उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षण अधिकारी प्रोफेसर सोमेश कुमार के घिटोड़े ने बताया कि समस्त केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक को इस प्रशिक्षण में उपस्थित होना अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण विश्वास कुमार, डॉ. डी पी पाटले समन्वयक/प्राचार्य समन्वय केंद्र शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति, सोमेश कुमार घिटोड़े (सहायक प्राध्यापक/मास्टर ट्रेनर व्यापम) द्वारा संयुक्त रूप से दिया जाएगा।

# हर युग के निर्माण में परिवर्तन के लिए शिक्षक देते हैं मार्गदर्शन : डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में हुए शामिल

■ जिले के 30 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार एवं शिक्षा दूत पुरस्कार से किया गया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डे द्वारा किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 5 सितम्बर का विशेष दिन शिक्षक दिवस के रूप में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद में मनाया जाता है। जिन्होंने भारत की शिक्षा प्रणाली को दिशा दी थी। उनकी इसी सोच और कल्पना के साथ उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। शिक्षा का दीपक अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है और हर युग के निर्माण में परिवर्तन के लिए हम जिन्हें आराध्य मानते हैं, शिक्षक मार्गदर्शन देते हैं।

भगवान श्रीराम को गुरू वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा-दीक्षा मिली, भगवान श्री कृष्ण ने विश्व को गीता का ज्ञान दिया। उन्हें भी ऋषि संदीपनी के आश्रम में शिक्षा मिली। शिक्षक युग को बदलने वाले होते हैं। चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को शिक्षा देकर हिन्दुस्तान का नक्शा बदल दिया। गुरू द्रोणाचार्य ने अर्जुन को ऐसी शिक्षा दी, जो हिन्दुस्तान की अद्भुत घटना मानी जाती है। स्वामी विवेकानंद के गुरू श्री रामकृष्ण परमहंस ने उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखे तो पंडित रविशंकर शुक्ल ने शिक्षक रहते अपनी अमूल्य सेवाएं दी। राजनांदगांव में गुरू की गौरवशाली परंपरा रही है। देश और दुनिया में इसकी कीर्ति-पताका फैली हुई है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में जिले के 30 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार एवं शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतीक्षा भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, अशोक देवांगन अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व आम नागरिक उपस्थित थे।

## आज विराजेंगे बप्पा मोरया...



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी में गणेशोत्सव की धूम रहेगी। यहां 16 फीट की ऊंचाई तक की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है। कई दिनों पहले से शहर भर में अलग -अलग स्थानों पर पंडालों की सजावट काम शुरु हो चुका था जो कि अंतिम चरणों पर है। कुछ विशेष स्थानों पर पंडालों की सजावट भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। यही नहीं शहर में तकरीबन 4 स्थानों पर स्थल झांकी भी तैयार की गई है जो लोगों का मनोरंजन करेगी। इसमें से कुछ के थीम धार्मिक हैं।

## आईटीआई राजनांदगांव में 13 सितम्बर को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में कैरियर-ट्री द्वारा एजीआई ग्लासपैक हैदराबाद के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। किसी भी व्यवसाय में वर्ष 2020 से वर्ष 2023 तक आईटीआई उत्तीर्ण तथा अगस्त 2024 की परीक्षा में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। कैम्प में 18 से 28 वर्ष के केवल पुरूष उम्मीदवार एवं व्यवसाय फिटर को प्राथमिकता दी जाएगी।

## दोषी डीईओ को बचाता रहा जिला प्रशासन, मंत्रालय से हटाने के आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को धमकाने वाले जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को संचालनालय में अटैच कर दिया गया है। इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। वहीं राजनांदगांव में पदस्थ सहायक संचालक आदित्य खरे को प्रभारी डीईओ बनाया गया है। बीते दिनों डोंगरगढ़ ब्लॉक के आलीवारा के हायरसेकेंडरी स्कूल के छात्र शिक्षकों की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। यहां जब वे डीईओ जायसवाल से मिले तो उन्होंने बच्चों को जेल का डर दिखाकर धमकाया था। इस मामले में जिला प्रशासन उनकी करतूत को छिपाने लिपापोती करता रहा। कलेक्टर स्वयं डीईओ को लेकर गांव पहुंचे थे और समझौता कराने की कोशिश की थी। दूसरी ओर डीईओ की इस हरकत से भारी आक्रोश की स्थिति थी। भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों के नेताओं ने इस मामले में डीईओ को कोसा। जबकि कलेक्टर खुले तौर पर डीईओ का पक्ष लेते रहे। मामले के 48 घंटे से ज्यादा बीतने के बाद सीधे डीईओ को हटाए जाने का निर्देश जारी हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय से जारी आदेश में उल्लेख है कि अभय जायसवाल जिनका मूल पद प्राचार्य है उन्हें स्कूली बच्चों से दुर्व्यवहार किए जाने के कारण प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर में पदस्थ किया जाता है।

## राष्ट्रगान का अपमान, कार्यवाही नहीं तो पोत देंगे काला पाउडर, पुलिस में भी केस दर्ज कराएंगे

■ शिवसेना प्रमुख ने मानपुर सेजेस में राष्ट्रगान के दौरान प्रिंसिपल, अध्यापकों के नदारत रहने के मामले में कही बड़ी बात

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार




जिले के मानपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में बीते दिनों सामने आए राष्ट्रगान के वक्त प्रिंसिपल व सभी अध्यापकों के नदारत रहने के मामले में शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार ने स्कूल प्रबंधन समेत प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए इसे राष्ट्रगान का अपमान करार दिया है। वहीं सुधार, कार्यवाही नही होने पर न केवल काला पाउडर जिम्मेदारों पर पोतने की बात कहते हुए पुलिस में केस दर्ज करने की ओर भी इशारा किया है।

दरअसल शिवसेना प्रमुख धनंजय पांडे शिवसेना द्वारा विभिन्न मुद्दो को लेकर जिला मुख्यालय मोहला मे धरना प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान उन्होंने उद्बोधन के दौरान प्रशासन व स्कूल प्रबंधन की जमकर बखिया उधेड़ी। धनंजय परिहार ने कहा जानकारी मिली है कि स्कूल में एक दिव्यांग भृत्य द्वारा रोजाना स्कूल में राष्ट्रगान कराती हैं। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल और अध्यापक कोई मौजूद नही रहता। इतनी बड़ी खबर मीडिया में आई है। और कोई संज्ञान नहीं ले रहा। कार्यवाही नही हो रही। धनंजय परिहार ने जिम्मेदारों की तीखी आलोचना करते हुए अक्रोशित स्वर में कहा कि यदि मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो हम दोबारा आएंगे, काला रंग का पाउडर लेकर आएंगे और इनके मुंह पर पोत देंगे। इस दरमियान मीडिया से चर्चा के दौरान धनंजय परिहार ने जिम्मेदारों के राष्ट्रगान के दौरान नदारत रहने को राष्ट्र गान का अपमान बताया। तथा सुधार कार्यवाही नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे तथा स्कूल में प्रदर्शन भी करेंगे। शिवसेना प्रमुख ने राष्ट्रगान के अपमान को लेकर पुलिस में केस भी पंजीबद्ध कराएंगे।

अनुशासन हीनता पकड़ने वाले नेता जी कार्यवाही में अब दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। ऐसे में सवाल गहरा रहा है कि कार्यवाही की बात कहने वाले शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पर कहीं किसी का दबाव तो नहीं है। डीईओ के सामने ये स्पष्ट हो चुका है कि राष्ट्रगान के दौरान प्रिंसिपल व सभी अध्यापक नदारद थे। फिर भी अब तक इस गंभीर मसले पर डीईओ की ओर से कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है।

## प्रहसन मंचन कर गुरुजनों के प्रति जाहिर की कृतज्ञता

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णनन के जन्मदिवस के अवसर पर समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर गुरुजनों के प्रति श्रद्धाभाव जाहिर करते हुए शिक्षक दिवस थीम पर प्रहसन की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने गुरुजनों को सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सर्वप्रथम स्कूल से कार्यक्रम स्थल छात्र व छात्राओं द्वारा छात्र श्रृंखला बनाकर समस्त शिक्षकों के उपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् द्वारा सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णनन के तैल्यचित्र का पूजन कर शुभारंभ किया। एकता एवं साथी द्वारा सरस्वती वंदना कक्षा 12वीं से नीनिमा एवं साथियों के द्वारा स्वागत गीत एवं करूणा एवं साथियों द्वारा शिक्षक दिवस के संदर्भ में भावपूर्ण प्रहसन की प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में संस्था प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् द्वारा शिक्षक दिवस के महत्व पर शिक्षाप्रद उद्बोधन दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को गुलदस्ता व उपहार भेंटकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन सुमन व उत्कर्ष खिलारी द्वारा किया गया।

समारोह में कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधान पाठक पीएल बया, प्रधान पाठिका दामिनी यदु, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन, सरिता गोलछा, वीणा साहू, संजू उइके, रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, नरोत्तम साहू, प्रज्ञाश्रुति सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका सम्मिलित हुए।

## कठिन निर्जला व्रत रखा आज करेंगी पारण, उत्साह के साथ मना तीज

■ युवतियों-महिलाओं ने विशेष पूजा अर्चना की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हरितालिका तीज पर कठिन निर्जला व्रत रख सुहागिनों ने अपने पति के दीघार्यु की कामना की। इस पर्व को लेकर ससुराल से मायके पहुंची सुहागिनों में काफी उत्साह देखा गया। देर शाम तक महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव पार्वती की पूजा-अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया और सोलह श्रृंगार व पूजा विधान के पश्चात कीर्तन भजन किया। जो महिलाए अपने मायके नहीं पहुंच सकी उन्होंने ससुराल में ही रहकर उपवास रखा।

महिलाओं ने इस व्रत के लिए पूर्व से ही तैयारी कर ली थी। साथ ही पूजन में शामिल होने के लिए एक ही परिवार की महिलाओं ने श्रृंगार करने में एक दूसरे का सहयोग किया और नई साड़ी के साथ विविध आभूषण में सोलह श्रृंगार करने का महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। जहां तीज पर्व पर पूजा में चढ़ावा के लिए विविध प्रकार के व्यंजन बनाने व पूजा की तैयारी में लगी रहीं। वहीं शाम होते होते महिलाओं ने श्री गणेश व शिव पार्वती की पूजा आराधना के साथ साथ अपने पति की आरती उतारकर उनसे आशीर्वाद लिया और वर्ती महिलाओं ने शिव पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीघार्यु और सुगद दाम्पत्य जीवन की मंगल कामना की। साथ ही अविवाहित युवतियों ने भी अच्छे पति और सुख समृद्धि के लिए भी तीजा का व्रत रखा। उपवास व पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने फलाहार व छत्तीसगढ़ी पकवानो से अपना व्रत तोड़ा। वहीं कई महिलाएं आज शनिवार प्रातः पूजन बाद पारण करेंगी।

## मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में सम्मान

# शिक्षिका कोनिका सोनी शिक्षा दूत अवार्ड से अलंकृत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर की शिक्षिका कोनिका सोनी को शिक्षक दिवस पर राजनांदगाँव स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री गौरव अलंकार सम्मान समारोह में शिक्षा दूत पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। सोनी को 5 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के हाथों सम्मानित किया गया। वे ग्राम चिचदो स्थित प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर पदस्थ हैं। श्रीमती सोनी नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक स्व.एमआर सोनी की पुत्रवधू हैं।

भाषाई कुशल, गणितीय प्रतिभा और कुशल वक्ता सहित बच्चों को खेले खेल में पढ़ाने के अनेकों खूबियों से ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर तक में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्हें पूरे शिक्षा विभाग में नवाचारी व खेल आधारित शिक्षा की शिक्षिका बतौर पहचान हासिल है। उन्होंने स्कूली शिक्षा के साथ ही अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न कर पूरे अनुशासन से नियमित स्कूल पहुंचने के लिए प्रेरित किया, वहीं उनके माता पिता को भी स्कूल तक लाने और एफएलएन के तहत खेल खेल में बच्चों को पढ़ाई कराने की सरल विधि बताई। शिक्षिका के उपरोक्त शिक्षकीय कार्यों सहित सामाजिक गतिविधियों पर अधिकारियों की नजर रही है। सोनी ने पहली पोस्टिंग में डौंडी लोहारा ब्लॉक के चेन्दरी बननवागांव में करीब 9 वर्ष अपनी सेवा दी। विवाह उपरांत उन्होंने उनका स्थानांतरण डोंगरगांव ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो में सहायक शिक्षिका बतौर हुआ। तद्पश्चात उन्होंने ग्रामीण बच्चों के शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के अनेकों युक्ति अपनाई और सफल भी हुईं। वे 2021 से 2023 तक जिला व राज्य स्तर पर पुरस्कृत भी की जा चुकी हैं। उनके द्वारा हाल ही में डाइट खैरागढ़ में ट्रेनिंग दिया गया है। कोनिका सोनी ने शिक्षादूत सम्मान से अलंकृत होने पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, डीईओ अभय जयसवाल, डीएमसी सतीश ब्योहारे, एपीसी मरकाम, अंसारी, झाड़े के दिशा निर्देश व बीइओ आरएल पात्रे, एबीइओ क्षितिज सोरी, जयंत साहू, रश्मि ठाकुर, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, डाइट प्रभारी खैरागढ़ रचना दत्त, संकुल समन्यवयक राहुल जैन के प्रति बेहतर मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। सोनी अपना प्रेरणास्त्रोत अपने ससुर स्व एमआर सोनी को बताती हैं। वे अपने विभागीय ग्रुप में बच्चों की गतिविधियों को शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो के यही चिन्हारी, खेल खेल में शिक्षा देबो संगवारी टैग लाइन के साथ पोस्ट करती हैं। उनकी सफलता पर परिजनों, ईष्टजनों, विभागीय शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएँ दी है।

## 18 से 26 सितम्बर तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राज्य व्यावसायिक परीक्षा माह सितम्बर 2024 (एससीव्हीटी) तथा हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनांतर्गत 18 सितम्बर से 26 सितम्बर 2024 तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनांतर्गत प्रशिक्षण सत्र 2022-24, आईटीआई के प्रशिक्षण सत्र 2023-24 के नियमित एवं प्रशिक्षण सत्र 2021-22, 2022-23 के प्रशिक्षणार्थी जिन्हें पूरक की पात्रता है, वह 9 सितम्बर 2024 तक अपने 10वीं व आईटीआई अनुत्तीर्ण अंक सूची की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजनांतर्गत 12वीं उत्तीर्ण छात्र अपने 10वीं-12वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, निर्धारित शुल्क सहित संस्था में उपस्थित होकर अविलंब परीक्षा फार्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी शासकीय आईटीआई राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

## आईटीआई राजनांदगांव में अप्रेंटिसशिप कैम्प 11 सितम्बर को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 11 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन किया गया है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि अप्रेंटिसशिप कैम्प में व्हीई कमर्शियल व्हीकल लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें 18 वर्ष से 23 वर्ष के व्यवसाय फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, टर्नर, मशीनिष्ट तथा विद्युतकार में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते है।

# पत्रकार के घर से बाईक ले उड़े चोर, कोतवाली पुलिस ने दो बाईक समेत चार चोरों को पकड़ कर भेज दिया जेल

## आरोपी चोरी का मोटर सायकल बेचने के फिराक में घूम रहे थे

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



एक अखबार में काम करने वाले पत्रकार की बाइक की चोरी उनके घर से हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी पत्रकार नर्मदेष्वर नवीन ओझा निवासी खजांचीटोली जशपुर ने 22 अगस्त को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 अगस्त की रात्रि में यह 09 बजे लगभग ऑफिस का कार्य करके अपने घर में वापस आया और काला रंग का बजाज पल्सर 125 सी.सी. मो.सा. क्र. सी.जी. 14 एम.एस. 5892 को घर के सामने खड़ा कर सो गया था, सुबह उठकर देखा तो कोई अज्ञात चोर उसके मोटर सायकल को चोरी कर ले गया।

**पड़ोसी की बाइक भी पार-** इसी प्रकार पड़ोस में रहने वाले युवराज सिंह का मोटर सायकल क्र. सी.जी. 14 एम.टी. 5838 को जो प्रार्थी के बगल में खड़ी किया था उसे भी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। उक्त दोनों प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली जशपुर में धारा 303 भा.न्या.सं. के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बेचने के फिराक में घूम रहे थे-** उक्त दोनों चोरी के प्रकरण में पुलिस द्वारा मुखबीर लगाकर लगातार पतासाजी की जा रही थी, पतासाजी दौरान आरोपी मनोज राम के साथ उसका साथी जीवन किशोर टोप्पो एच.एफ डिलक्स सी.जी. 14 एम.टी. 5838 में तथा सुनील बरवा व कार्तिक भगत बजाज पल्सर सी.जी. 14 एम.एस. 5892 में बालाछापर की ओर घूमने की सूचना मिली, इस सूचना पर तत्काल सिटी कोतवाली जशपुर से निरीक्षक रविशंकर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर दबिश देकर उक्त आरोपियों को रोककर वाहन का दस्तावेज की मांग किया गया, उनके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताने पर उन्हें अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में उक्त आरोपियों ने मोटर सायकल को प्रार्थी के घर आंगन से चोरी करना स्वीकार किया एवं मोटर सायकल को बेचने के लिये ग्राहक की तलाष करना बताये। आरोपीगण 1-मनोज राम उम्र 32 साल निवासी बरटोली थाना सिटी कोतवाली जशपुर, 2-जीवन किशोर टोप्पो उम्र 20 साल निवासी कनमोरा थाना सिटी कोतवाली जशपुर, 3-सुनील बरवा उम्र 39 साल निवासी भागलपुर थाना सिटी कोतवाली जशपुर एवं 4- कार्तिक भगत उम्र 24 साल निवासी नवाटोली थाना सिटी कोतवाली जशपुर के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें 6 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**इन्हें मिली सफलता-** उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, स.उ.नि. चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, आर. 350 हेमंत कुजूर, आर. शोभनाथ सिंह, आर. 178 विनोद तिर्की, सै. थानेश्वर देशमुख, सै. प्रमोद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मुख्यमंत्री ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश

- राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में 1 से 30 सितंबर तक चलेगा पोषण माह

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जशपुर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पालकों व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि पोषण अभियान अंतर्गत "राष्ट्रीय पोषण माह 2024" का आयोजन राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है।

**सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण-** अभियान योजना का 1 सितम्बर 24 से संचालन किया जा रहा है। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन के लिए जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष "राष्ट्रीय पोषण माह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास के संलग्न संदर्भित निर्देश अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सकिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। पोषण माह 2024 का मुख्य उद्देश्य पोषण पंचायतों को सक्रिय करना है, इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच एवं ग्राम पंचायतों को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जनआंदोलन को जनभागीदारी के रूप में परिवर्तित करना है।

# कन्हर नदी के तट पर नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया पौधा रोपण

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में राम मंदिर एवं महामाया मंदिर के बीच कन्हर नदी के घाट पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान, नगर पंचायत के पार्षद, प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता सहित अधिकारी कर्मचारी शिक्षको की गरिमामयी उपस्थिति में वृहद पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प भी दोहराया। इस अवसर पर रमन अग्रवाल ने कहां की हर भारतवासी अपूर्व उत्साह के साथ इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आतुर है। पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित इस अभियान को मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की अनूठी उपलब्धि मानता हूं। वृक्षारोपण अभियान के पूर्व राम मंदिर से लेकर महामाया मंदिर घाट तक कन्हर नदी के तट पर तार फेंसिंग कार्य कराया गया था ताकि पौधारोपण के बाद पौधे सुरक्षित रह सके। व्ही नगर पंचायत क्षेत्र में इसके पूर्व भी जहां-जहां वृक्षारोपण हुआ है वहां हम लोगों के सामुहिक प्रयास से पौधे लगाने के साथ-साथ उसका संरक्षण संवर्धन की चिंता की गई जिससे शहरी क्षेत्र में रोपित अधिकांश पौधे आज वृक्ष का रूप ले रहे हैं। देवेंद्र प्रधान ने नगर कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सब का सामूहिक कर्तव्य है। इसमें कोई संदेह नहीं कि एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। कार्यक्रम में प्रभारी सीएमओ सुधीर कुमार श्रीवास, पार्षदो में अशोक जैसवाल, राजनाथ विश्वकर्मा, विजय रावत, अशोक गोंड सहित विमलेश सिन्हा, प्राचार्य बागर साय, गिरीश तिवारी, अशोक जैन, प्रमोद कश्यप, विकास दूबे, सनोज दास, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, रामशंकर दुबे, अनूप कश्यप,अजय गुप्ता, अजय केशरी, जगरनाथ गुप्ता, जगदीश राम, विनोद केशरी, विपिन पाठक, बालकेश प्रजापति, संतोष केशरी, अशोक केशरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास से पहाड़ी कोरवा परिवारों संवर रहा जीवन

## पहाड़ी कोरवा बस्ती में लगा जनमन शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लोगों आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, आधार कार्ड बनवाने के साथ उनके स्वास्थ्य, शिक्षा पर विशेष ध्यान दें रहें। जशपुर जिले के बगीचा विकास खंड ग्राम पंचायत बालादरपाठ में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए जनमन शिविर लगाया गया और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आजीविका के अवसर कृषि,, और अन्य छोटे व्यवसायों के लिए सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करके परिवारों की आय में बढ़ोतरी का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को विभिन्न शिक्षा और कौशल विकास बच्चों और युवाओं को शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण स्वास्थ्य सेवाएं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास किया जा रहा सरकारी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय सहायता दिया जा रहा है। उनकी सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक धरोहर को संजोने और बढ़ावा देने के प्रयास किया जा रहा है।

# संजीवनी एम्बुलेंस 108 में ही गूंजी खुशियों की किलकारी

## स्टाफनर्स रीना ने सूझबूझ से कराया एम्बुलेंस में प्रसव



- प्रसव उपरांत उन्हे एंबुलेंस की सहायता से मनोरा अस्पताल ले जाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आस्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से कॉल आया कि एक गर्भवती मां प्रसव पीड़ा में है और उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है. जिनको लाने के लिए सन्ना की एंबुलेंस भेजा गया। मरीज को जशपुर लाते समय अचानक से रास्ते में ही अत्याधिक पीड़ा होनी लगी। 108 एंबुलेंस स्टॉफ रीना और अमन द्वारा एंबुलेंस में ही सावधानी पूर्वक सफल प्रसव कराया गया। शिशु और माता दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है।

# अनुभवहीन जनप्रतिनिधी को मंत्री बनाने पर छत्तीसगढ़ में अपराधियों का कानुन का डर खतम हो गया है: नवीन गुप्ता

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार व गैंगरेप की बढ़ती हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में यह सब हो रहा है और पुलिस मूकदर्शक बनकर बैठी है। प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था से महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। महिलाएं भयभीत है डरी सहमी हुई है। पिछले नौ महीने की सरकार में सबसे अधिक बलात्कार के मामले सामने आए हैं। महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा आपराधिक घटना हुई है। चार साल की छोटी भिलाई की बच्ची हो या फिर रायपुर नया बस स्टैंड में 50 साल की महिला हो सब के साथ दुष्कर्म हो रहा है। आज इस प्रदेश में कोई भी उम्र की बेटियां एवं महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। हाल ही में हुई एक घटना 3 सितंबर को सीतापुर में एक नाबालिग मार्केट से घर लौट रही थी उसके साथ गैंगरेप की घटना होती है। रायपुर नया बस स्टैंड में एक 50 साल की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया जाता है,दूसरे दिन रिपोर्ट लिखी जाती है और सामूहिक दुष्कर्म के जगह बलात्कार की रिपोर्ट लिखी गई। यहां पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। प्रदेश में बढ़ती बलात्कार की घटना प्रदेश के लिए चिंता का विषय बन गई है आज खेत में काम करने वाली महिलाएं बस में सफर करने वाली महिलाएं घर में रहने वाली महिलाएं अस्पताल में महिलाएं स्कूल कॉलेज जाने वाली बेटियां कहीं पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। और प्रदेश की सरकार कानून व्यवस्था को समहाल नही पा रही है।

# विप्र कॉलेज में शिक्षक दिवस एवं प्रवेशोत्सव समारोह का हुआ, आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह के साथ वाणिज्य संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य हैं और इन विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान विद्यार्थियों के मन में शिक्षक के प्रति श्रद्धा और विश्वास जागृत करता है ,वहीं शिक्षक भी सम्मानित होकर अपने दायित्व का अनुभव करता है ।इस प्रकार शिक्षक दिवस विद्यार्थी और अध्यापकों को जोड़ने का कार्य करें, तो सभी विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है और तभी विद्यार्थी भविष्य के आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में अपना सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन सर्वप्रथम शिक्षक थे और राष्ट्र निर्माण में शिक्षक के भूमिका बेहतर तरीके से समझते थे ।इसलिए शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करने के लिए शिक्षक दिवस मनाने की बात कही। बाद में उनके जन्मदिवस 5 सितंबर को ही संपूर्ण भारत शिक्षक दिवस मना कर शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करता है ।इसके बाद डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा ,डॉ. आराधना शुक्ला और मोहित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अपनी बात रखी कि टीचर और स्टूडेंट का संबंध क्लासरूम का होता है, इसलिए सभी विद्यार्थी नियमित कक्षा में उपस्थित होकर एकाग्र और समर्पित भाव से अध्ययन अध्यापन कर अपने जीवन में सफल होने से ही सही अर्थों में शिक्षकों का सम्मान कर सकते हैं। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने शिक्षको का तिलक लगाकर और आरती उतार कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। शिक्षक दिवस समारोह के उपरांत वाणिज्य संकाय के सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और जूनियर की मांग पर सॉन्ग डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपना परिचय दिया और बेझिझक होकर सीनियरों की मांग पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिखाए।

# खुलेआम अवैध कट्टा लेकर घूम रहा था लड्डू एनएच से कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी विरेन्द्र भगत उर्फ लड्डू आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस एवं बैग जप्त

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कोतवाली क्षेत्र का निगरानी सुदा बदमाश कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को मुखबीर से सूचना मिला कि विरेन्द्र भगत उर्फ लड्डू निवासी नवाटोली एक नीला रंग का बैग में देषी कट्टा रखकर गिरांग मोड़ तिराहा ह॥-43 के पास झारखंड जाने के लिये बस का इंतजार कर रहा है, इस सूचना पर तत्काल सिटी कोतवाली जशपुर से निरीक्षक रविशंकर तिवारी के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्यवाही हेतु रवाना हुये, टीम द्वारा मुखबीर के बतायेनुसार जगह पर जाकर दबिश देकर घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर उसके बैग की तलाशी लेने पर 01 देषी कट्टा एवं 01 नग कारतूस मिलने पर जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी विरेन्द्र भगत उम्र 28 साल निवासी नवाटोली जशपुर का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से उसे दिनांक 06.09.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**इन्हें मिली सफलता-** उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, स.उ.नि. मनोज सिंह, स.उ.नि. दिलबंधन भगत, आर. 350 हेमंत कुजूर, आर. शोभनाथ सिंह, आर. 178 विनोद तिर्की, सै. थानेष्वर देशमुख, सै. प्रमोद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

> आरोपी विरेन्द्र भगत उर्फलड्डू निवासी नवाटोली को अवैध रूप से देशी कट्टा, कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, अपने आस-पास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां परिलक्षित हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# राष्ट्रीय पोषण माह: आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा पोषण के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत जिले के मुंगेली, मुंगेली 2, लोरमी, लोरमी 2 एवं पथरिया में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं एवं महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा पोषण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि पोषण माह अंतर्गत जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में एनीमिया जॉच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती, शिशुवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का वितरण किया गया। इसके साथ-साथ सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वीएचएसएनडी का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से एनीमिया से बचाव एवं प्रसव पूर्व व प्रसव पश्चात जॉच के बारे में बताया गया। इसके साथ ही एनीमिया की रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सभी बाल विकास परियोजनाओं में पंचायत स्तर पर, आंगनबाड़ी केन्द्रों के शहरी मलिन बस्तियों में एनीमिया कैम्प का भी आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन छूटे हुए बच्चों को मॉपअप दिवस पर कृमिनाशक गोली का सेवन कराया गया। पोषण माह अंतर्गत एनीमिया से निपटने में आयुष की भूमिका पर ऑनलाईन वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत को विश्व गुरू बनाने के सपने को हम देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे पूर्णता की ओर बढ़ते हुए देख रहे है : कमलेश जांगड़े

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भारत को विश्व गुरू बनाने के सपने को हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे पूर्णता की ओर बढ़ते हुए देख रहे है इसी कारण देशभक्त नागरिक भाजपा से जुड़ रहें हैं। ये बातें जांजगीर सांसद कमलेश जांगड़े ने विधायक पुन्नूलाल मोहले को सदस्य बनाकर जिले में भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। स्थानीय वैष्णवी मंगलम भवन में भारतीय जनता पार्टी के जिले में नवीन सदस्यता अभियान का शुभारंभ सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने विधायक पुन्नूलाल मोहले को जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक की उपस्थिति में भाजपा का सदस्य बनाकर किया। जिले को 1 लाख 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। जिले में 2 से 4 सितंबर तक लगभग 7 हजार सदस्य बन जाने की जानकारी कार्यकर्ताओं ने दी। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी की शुरुआत 1951 मे भारतीय जनसंघ के रूप मे हुई थी आपातकाल के बाद मुंबई के अधिवेशन मे भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब से भाजपा की यात्रा शुरू हुई एक समय हमारे पास केवल दो सासंद थे लेकिन बाद में 303 तक भी पहुँचे। उन्होंने आगे कहा कि छग के निर्माता पंडित अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा के कमल खिलने का भरोसा जताया था आज केंद्र सहित राजग गठबंधन की 13 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें है। कार्यकर्ता हमारी पार्टी के रीढ़ है हमारी पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी है। मुंगेली जिले में भाजपा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ मोहले जी के सदस्य बनते ही हो चुका है। भारत को विश्व गुरू बनाने के सपने को आज हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे पूर्णता की ओर बढ़ते हुए देख रहे है इसी कारण देशभक्त नागरिक भाजपा से जुड़ रहें हैं। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हमारे पितृ पुरुष एवं संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि जो आज हमारा विरोधी है वह कल हमारा समर्थक बनेगा और जो आज हमारा समर्थक है वह हमारा मतदाता बनेगा और आज हमारा जो मतदाता है उन्हें भाजपा कार्यकर्ता अपने कुशल व्यवहार से उसके अंदर ऐसी संस्कृति पैदा करे ऐसा परिवारिक सम्बन्ध बनाए कि वह हमारा कार्यकर्ता बन जाए इसी भाव को लेकर हम नीचे तक जायेंगे तो सफ्लता निश्चित मिलेगी। जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ एक महायज्ञ के रूप में किया है यह यज्ञ है राष्ट्रवाद का,इस महापर्व का शुभारंभ हमारी राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय व जिला तथा मण्डल स्तरीय कार्यशालओं के माध्यम से किया गया है जो शक्ति केन्द्र व मतदान केन्द्रो तक पहुँचकर इसकी शुरुआत हुई है। आज हमारी राजनीतिक यात्रा के 73 वर्ष पूर्ण हो चुके है भारतीय जनसंघ के रूप मे हमने 25 वर्ष तक अपनी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाया भारतीय जनता पार्टी के रूप मे आज हमको काम करते हुए 44 वर्ष हो गए हैं।

जिला सदस्यता संयोजक एवं महामंत्री निश्चल गुप्ता ने कहा कि हमारी पार्टी का डिजिटल सदस्यता अभियान वर्ष 2014 मे शुरू हुआ था उस समय 11 करोड़ सदस्य बने थे जो 2018 में 7 करोड़ बढ़कर 18 करोड़ हो गई थी। वर्तमान में प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी बुथो को और भी मजबूत करेगी सभी मतदान केंद्रो पर हमको न्यूनतम 200 सदस्य बनाने होंगे इसके लिए जिले के नेता मंडल तक मंडल के नेता शक्ति केन्द्र तक और शक्ति केन्द्र के प्रभारी बुथ तक जाकर अभियान को सफ्ल बनाएंगे।

छत्तीसगढ़ शासन

## विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
मानीनीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



# कृषक उन्नति योजना

छत्तीसगढ़ में किसानों से

## ₹3,100

की दर से प्रति एकड़
21 क्विंटल धान की खरीदी



Samvad- 41327/1

# समृद्ध किसान धान का मिल रहा सर्वाधिक दाम

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...**

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403